


# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 211

ग्वालियर, गुरुवार, 21 अप्रैल, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## अगले 25 साल का अमृत काल परंपरागत चिकित्सा का स्वर्णिम काल होगा: पीएम मोदी



**गांधीनगर।** गुजरात दौरे के तीसरे और अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधीनगर के महात्मा मंदिर में आयोजित ग्लोबल आयुष इन्वेस्टमेंट एन्ड इनोवेशन समिट का उदघाटन करते हुए कहा कि आयुष के क्षेत्र में निवेश और नवाचार की असीमित संभावनाएं हैं आगामी 25 साल का अमृत काल विश्व के कोने कोने में परंपरागत चिकित्सा का स्वर्णिम काल होगा आयुष दवाइयां, सप्लीमेंट और कॉस्मेटिक के उत्पादन में हम पहले ही अभूतपूर्व तेजी देख रहे हैं 2014 में जहां आयुष सेक्टर 3 बिलियन डॉलर से भी कम था, आज यह बढ़कर 18 बिलियन डॉलर को पार कर गया है उन्होंने कहा कि इस वर्ष अब तक 14 स्टार्ट अप यूनिकॉर्न क्लब से जुड़ चुके हैं और मुझे भरोसा है जल्द ही आयुष स्टार्ट अप से उभरेंगे पीएम मोदी ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए समिट का आयोजन होते देखा होगा, परंतु आयुष क्षेत्र में इस प्रकार की पहली बार समिट आयोजित की गई है ऐसी निवेश समिट का विचार मुझे तब आया जब समूची दुनिया में कोरोना ने हाहाकार मचा रखा था उस वक्त हमने देखा कि किस प्रकार आयुर्वेदिक दवाइयां, आयुष काढा और ऐसे कई उत्पादन लोगों को रोग प्रतिकारक शक्ति बढ़ाने में मददगार हुए थे प्रधानमंत्री ने कहा कि औषधीय पौधे उगाने में लगे किसानों को बाजार से आसानी से जुड़ने की सुविधा मिलना जरूरी है और इसके लिए सरकार आयुष ई मार्केटप्लस के आधुनिकीकरण और विस्तार पर भी काम कर रही है हम एक विशेष आयुष मार्क बनाने जा रहे हैं, जो भारत में बने उच्च गुणवत्ता वाले आयुष उत्पादों पर लागू होगा ये आयुष मार्क आधुनिक टेक्नोलोजी के प्रावधानों से युक्त होगा इससे विश्वभर लोगों को क्वालिटी आयुष प्रोडक्ट्स का भरोसा मिलेगा पीएम मोदी ने कहा कि जो विदेशी नागरिक भारत में आकर आयुष चिकित्सा का लाभ लेना चाहते हैं, उनके लिए सरकार एक और पहल कर रही है। जल्द ही भारत एक विशेष आयुष वीजा कैटेगरी शुरू की जाएगी जिससे लोगों को आयुष चिकित्सा के लिए भारत आने-जाने में सहूलियत होगी उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का भारत दुनिया को अपने अनुभवों, अपने ज्ञान, अपनी जानकारी साझा करते हुए आगे बढ़ना चाहता है हमारी विरासत मानवता के लिए विरासत की तरह है हम दुनिया का दर्द कम करने के लिए कृत संकल्प हैं यह ऐसा समय है जब भारत अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है।

## जहांगीरपुरी में हिंसा के बाद बुलडोजर चलने पर नरोत्तम मिश्रा ने जताई खुशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में हिंसा के बाद चले बुलडोजर को लेकर मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा का बयान आया है। उन्होंने कहा कि जो लोग समाज के अंदर शांति भंग करते



हैं, समाज के दुश्मन हैं, उन लोगों को किसी जाति से नहीं जोड़ना चाहिए, उन्हें दंगाई ही कहना चाहिए। उन्होंने कहा कि दंगाई हो उनके साथ वही सलूक होना चाहिए, जो हो रहा है। मध्य प्रदेश के खरगोन में रामनवमी के जुलूस के दौरान भड़की हिंसा को लेकर उन्होंने कहा, ÷खरगोन घटना में वीडियो फुटेज के आधार पर दंगाइयों को पहचाना जा रहा है। अभी तक 154 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। दो लोग मोहसिन और नवाज पर रासुका लगाई गई है। एसपी पर गोली चलाने वाले वसीम नाम के व्यक्ति की भी पहचान हो गई है। पान की दुकान चलाने वाले व्यक्ति की पहचान भी की गई है, जिसे इंदौर से गिरफ्तार किया है। उसने पथराव किया था दिल्ली में कमलनाथ, प्रशांत किशोर और सोनिया गांधी की मुलाकात पर तंज करते हुए उन्होंने कहा, पीके आए हैं, तो इस बार कांग्रेस को लिटाकर जाएंगे।

## मोदी जी नफरत के बुलडोजर बंद करो और बिजली संयंत्रों को चालू करो: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की गर्मी के बीच बुधवार को जहांगीरपुरी दंगे के मुद्दे ने सियासी पारा और गर्म कर दिया। जहांगीरपुरी को लेकर सुबह से ही बीजेपी और दूसरे दल के नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा। इस जंग में दोपहर बाद कांग्रेस भी कूद गई। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने बीजेपी शासित एमसीडी द्वारा बुलडोजर चलाने और सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद भी कार्रवाई जारी रखने पर आपत्ति जताते हुए मोदी सरकार पर हमला बोला। राहुल ने ट्विटर पर अपनी राय रखी। उन्होंने लिखा, %मोदी जी, महंगाई का दौर चल रहा है। इस दौरान बिजली कटौती से छोटे उद्योग धराशायी हो जाएंगे। जिससे भविष्य में नौकरियों का और नुकसान होगा। इसलिए नफरत के बुलडोजर बंद करो और बिजली संयंत्रों को चालू करो% राहुल ने अपने विरोध में एक तीर से दो निशाने साधे। उन्होंने एक तरफ जहां बीजेपी शासित प्रदेशों में इस तरह हिंसा के मामले में बुलडोजर चलाने पर सवाल उठाए तो दूसरी तरफ उन्होंने देश में शुरू हो रहे बिजली संकट को भी उठाया। दरअसल, कई राज्यों में बिजली प्लांट में कोयले की कमी की वजह से बिजली का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। इससे बिजली की सप्लाई पर भी असर पड़ रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी चला बुलडोजर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा सुनवाई के दौरान यथा स्थिति रखने के आदेश के बाद भी जहांगीरपुरी में बुलडोजर चलता रहा। स्थगन आदेश की जानकारी मिलते ही एमसीडी ने मस्जिद परिसर के अतिक्रमण हटाने बुलडोजर भेज दिया। एमसीडी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की जानकारी अधिकृत रुप से नहीं मिलने की बात कहकर मस्जिद से लगी हुई दुकानों एवं गेट का अतिक्रमण बुलडोजर से तोड़ दिया। इसी बीच पूर्व सांसद बृन्दा करात जहांगीरपुरी पहुंची। उन्होंने एडीशनल डीजी सुरक्षा दीपेन्द्र पाठक से चर्चा कर सुप्रीम कोर्ट के आदेश की जानकारी दी। उसके बाद बुलडोजर की कार्यवाही रोकी गई।



सुप्रीम कोर्ट के स्थगन आदेश के बाद भी एमसीडी के अधिकारियों ने तोड़फोड़ जारी रखी। इसे सुप्रीम कोर्ट की अवमानना भी कहा जा रहा है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की पुनः सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के बाद उ.प्र., म.प्र., गुजरात सहित अन्य राज्यों में चल रहे बुलडोजर की कार्यवाही धम जाएगी। इस पर सुप्रीम कोर्ट, केन्द्र सकार एवं राज्य सरकारों का क्या रुख होगा यह कल की सुनवाई के बाद ही स्पष्ट होगा। वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश एनवी रमन की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष इस मामले को उठाया। दवे ने कहा कि यह नार्थ डेल्ही म्यूनिसिपल कारपोरेशन द्वारा अतिक्रमण विरोधी अभियान जहांगीरपुरी इलाके में शुरू किया गया, जहां हाल की में सांप्रदायिक संघर्ष हुआ है. दवे ने कहा कि यह गंभीर मामला है, जिसके लिए शीर्ष अदालत के तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता है। दवे ने कहा, किसी को कोई नोटिस दिए बगैर जहांगीरपुरी इलाके में पूरी तरह से अनाधिकृत और असंवैधानिक विध्वंस का आदेश दिया गया है। उन्होंने कहा अधिकारियों को लोगों को कम से कम पांच-छह दिन पहले नोटिस देना चाहिए था। दवे ने कहा कि इसे दोपहर 2 बजे शुरू किया जाना था, लेकिन उन्होंने सुबह 9 बजे से ही विध्वंस की कार्रवाई शुरू कर दी, यह जानते हुए कि मामले को अदालत के सामने रखा जाएगा। मुख्य न्यायाधीश ने विध्वंस अभियान पर यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया और मामले को गुरुवार को सुनवाई के लिए उपयुक्त पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की।

### अतिक्रमण पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का जमीयत ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जहांगीरपुरी में निगम प्रशासन ने बुधवार को अवैध निर्माण, अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया। इसी दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार की सुबह सुनवाई के दौरान इलाके में डिमोलिशन ड्राइव पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अध्यक्ष जमीयत उलमा-ए-हिंद मौलाना अरशद मदनी ने जहांगीरपुरी में विध्वंस अभियान में सुप्रीम कोर्ट के तत्काल हस्तक्षेप का स्वागत किया है। सुप्रीम कोर्ट के तत्काल हस्तक्षेप का स्वागत कर मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि, हम अदालत के इस प्रारंभिक आदेश का स्वागत करते हैं और आशा करते हैं, कि फैसला हमारे पक्ष में होगा। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने हमेशा देश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में किसी भी सरकार या अदालत के फैसले का स्वागत किया है और आगे भी करता रहेगा। जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पेश हुए थे। इलाके में बुधवार की कार्रवाई के चलते भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है और घरों की छतों पर भी पैरामिलिटी फोर्सेस को भी लगाया गया है, ताकि कार्रवाई के दौरान हालात को काबू में लाया जा सके।

## कुमार विश्वास के बाद अब अलका लांबा के घर पहुंच गई पंजाब पुलिस



**नई दिल्ली।** पुलिस ने अब कांग्रेस की नेता अलका लांबा के घर पर दस्तक दी है। अलका लांबा ने भी कुमार विश्वास की तरह ही खुद ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने ट्वीट किया, %पंजाब पुलिस मेरे घर पहुंच चुकी है...।% इससे पहले कुमार विश्वास के घर पर पुलिस पहुंचने पर भी अलका लांबा ने ट्वीट किया था। अलका ने लिखा था, %अब समझ आ रहा होगा कि आम आदमी पार्टी को पुलिस क्यों चाहिए थी। भाजपा की तरह मात्र अपने विरोधियों को डराने और उनकी आवाज़ दबाने के लिए। थोड़ी तो शर्म करो केजरीवाल जी। हालांकि अभी यह साफ नहीं हो सका है कि किस मामले में पंजाब पुलिस अलका लांबा के घर पर पहुंची है। कहा जा रहा है कि कुमार विश्वास की तरह ही किसी बयान को लेकर ही उनके खिलाफ केस दर्ज हुआ होगा, जिस पर पुलिस उनके घर पहुंची है। अलका लांबा आम आदमी पार्टी में रह चुकी हैं, लेकिन अरविंद केजरीवाल से मतभेदों के बाद दल ही छोड़ दिया था। अब वह कांग्रेस में हैं। गौरतलब है कि अलका लांबा अकसर अरविंद केजरीवाल की आलोचना करती रही हैं।

## लांच की गई पनडुब्बी आईएनएस वागशीर, एक साल समुद्री परीक्षण के बाद नौसेना में शामिल होगी



**मुंबई।** भारतीय नौसेना के लिए मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित प्रोजेक्ट-75 की छठी स्कॉर्पीन श्रेणी पनडुब्बी, आईएनएस वागशीर को आज मुंबई में लॉन्च कर दिया गया। प्रोजेक्ट-75 के तहत स्कॉर्पीन श्रेणी की 4 अति-आधुनिक पनडुब्बियां आईएनएस कलवरी, आईएनएस खंडेरी, आईएनएस करंज और आईएनएस वेला इस समय भारतीय नौसेना को अपनी सेवाएं दे रही हैं। जबकि आईएनएस वागीर समुद्री परीक्षण के दौर से गुजर रही है। अब इस महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट की छठी और आखिरी स्कॉर्पीन पनडुब्बी आईएनएस वागशीर भी भारतीय नौसेना में शामिल होने से पहले बंदरगाह और समुद्र दोनों में कठिन परीक्षण के दौर से गुजरेगी। आईएनएस वागशीर की लॉन्चिंग के मौके पर रक्षा सचिव अजय कुमार ने कहा, अब इस स्कॉर्पीन क्लास सबमरीन का करीब 1 वर्ष तक समुद्री परीक्षण किया जाएगा, जिसे सफलता पूर्वक पूरा करने के बाद भारतीय नौसेना में इसे शामिल किया जाएगा।

इस पनडुब्बी की लॉन्चिंग आत्मनिर्भर भारत का बेहतरीन उदाहरण है। इन पनडुब्बियों का निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने मुंबई में फ्रांस नेवल ग्रुप के सहयोग से किया है। हिंद महासागर की गहराई में पाई जाने वाली एक घातक शिकारी मछली के नाम पर आईएनएस वागशीर का नाम रखा गया है। पहली 'वागशीर' पनडुब्बी भारतीय नौसेना में, दिसंबर 1974 में कमीशन हुई थी। अप्रैल 1997 में इसकी सेवा को बंद कर दिया गया था। उल्लेखनीय है कि स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों के निर्माण में अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही इनमें उन्नत ध्वनिक साइलेंसिंग तकनीक, कम विकिरण वाले शोर स्तर, हाइड्रो-डायनामिक रूप से अनुकूलित आकार और दुश्मन पर सटीक हथियारों से अचूक हमला करने की क्षमता जैसी बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं।

## अपने बड़े भाई के नहीं हुए शाहबाज शरीफ, मरियम अपने चाचा से नाराज



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में शहबाज शरीफ कैबिनेट के गठन के साथ ही शरीफ परिवार में फूट पड़ती दिख रही है। लंबे इंतजार के बाद सत्ता में लौटे शहबाज शरीफ ने अपनी 33 सदस्यीय कैबिनेट में भाई नवाज शरीफ के करीबी पीएमएल एन नेताओं को किनारे लगा दिया है। नए पीएम ने बड़े भाई नवाज शरीफ के केवल एक समर्थक को कैबिनेट में जगह दी है। चाचा शहबाज शरीफ के दांव से नवाज की बेटी मरियम नवाज भड़की हुई हैं। उन्होंने अपनी नाखुशी को जाहिर कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक शहबाज की कैबिनेट में मंत्रियों के चयन और उनके विभागों के बंटवारे पर पार्टी के अंदर दो फाड़ हो गया है। सूत्रों ने बताया कि पीएमएल एन की उपाध्यक्ष मरियम अपने चाचा पीएम शहबाज शरीफ से खुश नहीं हैं। मरियम का कहना है, कि शहबाज शरीफ ने पार्टी के सुप्रीम लीडर नवाज के करीबियों और समर्थकों के नाम पर विचार नहीं किया। ये सभी नेता लंबे समय से नवाज शरीफ के बेहद करीबी थे जो अभी लंदन में निर्वासन में रह रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि शरीफ ने नवाज शरीफ कैंप के केवल एक सदस्य जावेद लतीफ को कैबनिट में जगह मिली है। जावेद ने शपथ ग्रहण में हिस्सा भी नहीं लिया। उन्होंने कहा कि नवाज शरीफ का सिद्धांत था कि %सही व्यक्ति को सही काम मिले% जो कैबिनेट के चयन में दिखाई नहीं दे रहा है। नवाज के करीबी नेताओं को दरकिनार किया गया है। नवाज कैंप का कहना है कि इरफान सिद्दीकी को शिक्षा के क्षेत्र में 25 साल का अनुभव है, लेकिन उन्हें यह मंत्रालय नहीं दिया गया। उधर,पीएम शरीफ की इस कैबिनेट से बड़ी सहयोगी पार्टी पीपीपी भी खुश नहीं है। इसकारण पीपीपी के चेयरमैन बिलावल भुट्टो जरदारी ने शपथ में हिस्सा नहीं लिया। यही नहीं पीपीपी के एक अन्य नेता मुस्तफा नवाज खोखर राज्यमंत्री बनाए जाने से खुश नहीं हैं।

## इमरान की कुर्सी जाते ही पीसीबी चीफ रमीज राजा पर भी मंडराया खतरा



**लाहौर।** प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार के गिरने के एक सप्ताह बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की अध्यक्षता पर संदेह बना हुआ है। पिछले साल इमरान ने रमीज राजा को पीसीबी का अध्यक्ष चुना था। इमरान के पद से हटने के बाद अब रमीज की अध्यक्षता पर काले बादल मंडरा रहे हैं। आमतौर पर सरकार के बदलने पर पीसीबी का नया अध्यक्ष नियुक्त होता है। माना जा रहा है कि नए प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ, जो स्वचलित रूप से पीसीबी के संरक्षक का पद ग्रहण करते हैं, पीसीबी के नए अध्यक्ष की तलाश में जुट गए हैं। 10 अप्रैल को अविश्वास प्रस्ताव के बाद इमरान को प्रधानमंत्री पद से हटाया गया था। तब से उनकी पार्टी (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ) के सांसदों ने संसद से इस्तीफा दिया है, और अलग-अलग राज्य संस्थानों में पार्टी की नियुक्तियों को धीरे-धीरे हटाया या बदला जा रहा है। साथ आए दलों के गठबंधन वाली सरकार फिलहाल एक नए कैबिनेट की निर्माण पर काम कर रही है। क्रिकेट वर्तमान में सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं है,लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि बोर्ड में बदलाव देखने को मिलेगा। पाकिस्तान में ऐसा ज्यादातर होता है, रमीज की जगह नए अध्यक्ष के लिए कई नाम सुर्खियों में हैं। बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और शरीफ परिवार के सहयोगी नजम सेठी प्रमुख नामों में से एक हैं। (हालांकि माना जा रहा है कि सेठी शरीफ की बजाय उनके बड़े भाई नवाज के ज्यादा करीब हैं। अध्यक्षता के अलावा पीसीबी में और भी बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इमरान के जाते ही अब बोर्ड के पूर्व सदस्यों का एक ग्रुप सरकार से घरेलू क्रिकेट के पुराने फॉर्मेट में वापस जाने की मांग कर रहा हैं, जिसमें विभागीय टीमें फर्स्ट क्लास क्रिकेट का हिस्सा थी।

## खास खबर

### शादी के छह दिन बाद ही काम पर लौटीं आलिया

**जैसलमेर।** बॉलिवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट और रणबीर कपूर 14 अप्रैल को शादी के बंधन में बंध गए। उनके फैन्स को लग रहा था



कि मिस्टर एंड मिसेज कपूर अपने काम से थोड़ा ब्रेक लेंगे और एक दूसरे के साथ कुछ क्वालिटी टाइम बिताएंगे। लेकिन सभी को आश्चर्य में डालते हुए शादी के महज छह दिन बाद आलिया अपने काम पर वापस लौट आई हैं। अपनी अगली फिल्म 'रॉकी और रानी' की प्रेम कहानी की शूटिंग पूरी करने मंगलवार को आलिया मुंबई से राजस्थान के जैसलमेर पहुंचीं। वे रणवीर सिंह के साथ फिल्म का वेडिंग सीन शूट करेंगी। इस दौरान पिंक कलर की सूट और हाथों में मेहंदी लिए आलिया काफी खूबसूरत लग रही थीं। उनको एक झलक देखने एयरपोर्ट पर फैन्स भी पहुंचे।

### रूसी सेना दुनिया की सबसे बर्बर सेना : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूसी सेना को दुनिया की सबसे बर्बर सेना करार दिया है। जेलेंस्की ने कहा कि रूसी सैनिकों के पास जो भी हथियार उपलब्ध हैं, वे यूक्रेन के खिलाफ उन सभी का इस्तेमाल कर रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा, रूसी सैनिकों ने बर्बरता ही सारी हदें पार कर दी हैं। उन्होंने हर उस व्यक्ति और वस्तु को निशाना बनाया है, जो यूक्रेन के खिलाफ उनके संघर्ष का सामना करने में मददगार हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने केवल सैन्य स्थलों पर हमले करने के रूसी दावों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि रूसी सैनिक आवासीय क्षेत्रों को लगातार निशाना बनाकर आम नागरिकों की हत्या कर रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा, युद्ध में रूसी सेना खुद को विश्व इतिहास में दुनिया की सबसे बर्बर और अमानवीय सेना के रूप में दर्ज करा रही है।उन्होंने पश्चिमी देशों से जल्द से जल्द हथियारों की आपूर्ति करने की अपील कर कहा, अगर हमें अभी हथियार मिलते हैं,तब हम उनकी मदद से हजारों लोगों की जान बचा सकते हैं।

### मुंबई में मॉरिशस के प्रधानमंत्री की सुरक्षा में सेंध, दो युवक गिरफ्तार व रिहा

**मुंबई।** मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ की सुरक्षा में सेंध का मामला मुंबई में सामने आया है. बताया गया है कि प्रधानमंत्री के काफिले में शराब के नशे में अपनी गाड़ी घुसाने की कोशिश करने वाले दो व्यक्तियों को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जिन्हें बाद में रिहा कर दिया गया. बुधवार को एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना रविवार देर रात 1:50 मिनट की है, जब मॉरिशस के प्रधानमंत्री जगन्नाथ का काफिला वेस्टर्न एक्सप्रेसवे राजमार्ग से बांद्रा वर्ली सी लिंक की ओर बढ़ रहा था. तब सड़क के उत्तर की ओर जाने वाले रास्ते पर तैनात यातायात कांस्टेबल ने यातायात को रोक दिया था ताकि मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ का काफिला निकल जाए लेकिन उसी बीच एक कार में बैठे दो व्यक्ति लगातार हॉर्न बजाते रहे और काफिले में घुसने की कोशिश की. पुलिस ने शिकायत में कहा कि जब पुलिस ने दोनों को कार में आगे बढ़ने से रोका तो कार में बैठे युवक उन्हें अपशब्द कहने लगा और मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया. जबकि कार चला रहे अनिल शुक्ला ने पुलिस अधिकारियों पर गाड़ी चढ़ाने और विदेशी गणमान्य व्यक्ति के लिए बनाए गए मार्ग में प्रवेश करने की कोशिश की. कार जब सी लिंक की ओर बढ़ने की कोशिश की तो उसे रोक लिया गया और दोनों को हिरासत में ले लिया गया. कार सवार दोनों युवकों को भाभा अस्पताल ले जाया गया जहां मेडिकल परीक्षण में उनके शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई. बाद में उन्हें संबंधित धाराओं में गिरफ्तार कर लिया गया और फिर उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया।

### दिल्ली के बाद अब गाजियाबाद और नोएडा में भी बढ़े कोरोना केस

**गाजियाबाद।** दिल्ली के बाद अब गाजियाबाद और नोएडा में भी कोरोना केसों में उछाल आना शुरू हो गया है। पिछले कुछ दिनों में गाजियाबाद और नोएडा में काफी केस बढ़े हैं। यूपी में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या 856 हो चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एनसीआर और लखनऊ में सार्वजनिक स्थलों पर मास्क अनिवार्य कर दिया है। कोरोना प्रबंधन के लिए गठित टीम-09 की बैठक में उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटे में नोएडा में 103 और गाजियाबाद में 33 नए पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि हुई है। एनसीआर के जिलों तथा लखनऊ में सभी के लिए सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाया जाने की व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। लोगों को कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन के लिए जागरूक किया जाए। सीएम योगी ने कहा कि बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर हमें सतर्क रहना होगा। यथा आवश्यक स्कूलों में कोविड प्रोटोकॉल का बारे में बच्चों को जागरूक किया जाए।

## न्यूज़ ट्रैक....

### इंग्लैंड टेस्ट टीम के कोच की दौड़ में पोंटिंग , कर्स्टन शामिल

**लंदन** । ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग आने वाले समय में इंग्लैंड टेस्ट टीम के कोच के रुप में दिख सकते हैं। पोंटिंग अभी आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के कोच हैं। ऐसे में संभावना है कि इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) पोंटिंग को कोच बना सकती है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कोच के तौर पर पोंटिंग का नाम सबसे आगे है। वहीं दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन हैं। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर महेला जयवर्धने को एकदिवसीय टीम के कोच की जिम्मेदारी दी जा सकती है। महेला अभी आईपीएल में मुंबई इंडियंस के कोच है। वहीं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि इस समय कोच के तौर पर देखा जाये तो पोंटिंग से बेहतर किसी और का दिमाग नहीं है। वह खेल को इतनी अच्छी तरह से समझते है। वहीं खेल के सभी महान खिलाड़ी अच्छे कोच नहीं बन सकते क्योंकि वह नहीं जानते कि किस प्रकार अपना संदेश खिलाड़ियों तक पहुँचाया जा सकता है। वहीं पोंटिंग इस मामले में बेहद पेशवर हैं।

### बार्टी अब अंतरराष्ट्रीय गोल्फ मुकाबले खेलती नजर आयेंगी

**ब्रिसबेन** । हाल ही में टेनिस से संन्यास लेने वाली ऑस्ट्रेलियाई महिला स्टार खिलाड़ी एश्ले बार्टी अब गोल्फ खेलती हुई नजर आयेंगी। बार्टी ने कहा है कि अब वह अंतरराष्ट्रीय गोल्फ मुकाबले खेलेंगी। बार्टी को न्यूजर्सी में लिबर्टी नेशनल गोल्फ क्लब पर आइकंस सीरिज टूर्नामेंट में अर्नी एल्स रेस्ट आफ वर्ल्ड टीम में शामिल किया गया है। यह टूर्नामेंट 30 जून और एक जुलाई को खेला जाएगा। बार्टी ने विश्व की नंबर एक खिलाड़ी रहते हुए अचानक ही खेल से संन्यास लेकर सबको हैरान कर दिया था। बार्टी ने जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन जीता जबकि पिछले साल विम्बलडन और 2019 में फ्रेंच ओपन जीता था। बार्टी ने कहा था कि अब वह थक गयी हैं और नये खिलाड़ियों को अवसर देना चाहती है।

### होल्डर ने अपनी गेंदबाजी से किया प्रभावित

**मुंबई** । लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑलराऊंडर जेसन होल्डर ने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैच में अपनी कसी हुई गेंदबाजी से विरोधी टीम को कोई मौका नहीं दिया। इस दौरान दिनेश कार्तिक और फाफ डु प्लेसिस जैसे बल्लेबाज क्रीज पर थे जिनपर अंकुश लगाना बेहद कठिन होता है। 20वां ओवर फेंकने आए होल्डर ने केवल चार ही रन दिए। उन्होंने फाफ डु प्लेसिस को पेवेलियन भेजा। होल्डर ने 25 रन देकर दो विकेट लिए। होल्डर ने कहा कि हमारे पास 20वें ओवर के लिए एक विशेष योजना थी जिससे विरोधियों पर दबाव बनाया जा सके। योजना थी। मैंने बड़ी सीमा की ओर गेंदबाजी की और यह फायदेमंद रहा। । वैसे भी यह पिच तेज गेंदबाजों के अनुकूल थी। इसी लिए पावरप्ले में यहां बल्लेबाजी आसान होती है। आप लाइन के माध्यम से हिट कर स्कोरबोर्ड आगे बढ़ा सकते हैं। वहीं बीच के ओवरों में स्पिनरों को निशाना बनाया जा सकता है। आरसीबी के खिलाफ होल्डर का प्रदर्शन पहले से ही अच्छा रहा है। साल 2018 के बाद से ही आरसीबी के खिलाफ आंकड़े देखें जाएं तो उन्होंने केवल 7 मैचों में 11 विकेट लिए हैं।

# मुम्बई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स हुई आमने-सामने

**पुणे** । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा। कोरोना संक्रमण के कारण इस मैच के स्थल को पुणे से बदलकर मुम्बई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में कर दिया गया है। इससे पहले कैपिटल्स टीम के मिचेल मार्श को संक्रमित होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं टीम के फिजियो संक्रमित होने कारण पहले से ही पृथकवास में है हालांकि बाकि खिलाड़ियों की रिपोर्ट निगेटिव आई है , इसलिए बीसीसीआई ने कहा है कि मैच अपने तय समय पर ही होगा।

इस मैच में दोनो ही टीमें जीत की बराबरी दोवेदार हैं। दिल्ली के पास बल्लेबाजी में कप्तान ऋषभ पंत के अलावा डेविड वॉर्नर, पृथ्वी शॉ और जैसे अच्छे बल्लेबाज हैं। वहीं पंजाब के पास कप्तान मयंक अग्रवाल के अलावा अनुभवी शिखर धवन और जॉनी बेयरस्टो के साथ ही लियाम लिविंगस्टोन जैसे खिलाड़ी हैं। दोनों ही टीमों की नजरें इस मैच में जीत हासिल करने पर रहेंगी। पंजाब के कप्तान मयंक अब अपनी चोट से उबरकर इस मैच से वापसी को तैयार हैं। वह फिट नहीं होने के कारण पिछले मैच में नहीं खेले थे। उनकी जगह कप्तानी करते हुए धवन सनराइजर्स के खिलाफ रन नहीं बना पाये थे। अब वह मयंक के साथ एक बार फिर इस मैच में



अपनी टीम पंजाब को अच्छी शुरुआत देना चाहेंगे। इस मैच में पंजाब के मध्यक्रम को भी अपनी ओर से योगदान देना होगा। पिछले मैच में जितेश शर्मा ने अच्छे फिनिशर के तौर पर अपने को दिखाया था पर आंकड़ों पर नजर डालें तो लिविंगस्टोन को छोड़कर सनराइजर्स के खिलाफ कोई नहीं चल पाया है। लिविंगस्टोन ने 33 गेंद में 60 रन बनाए। इसके बाद भी पंजाब के लिए जीत दर्ज करन आसान नहीं रहेगा क्योंकि कैपिटल्स की ओर से अभी चाइनामैन% गेंदबाज कुलदीप यादव जबरदस्त फार्म में हैं। कुलदीप ने अबतक 11 विकेट लिए हैं। वहीं अक्षर पटेल और शारदुल ठाकुर के अलावा तेज गेंदबाज खलील अहमद की गेंदबाजी का सामना करना भी पंजाब के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा। इस मैच में कैपिटल्स टीम मार्श की जगह तीसरे नंबर पर मनदीप सिंह या सरफराज खान को उतार सकती है।

पंजाब की गेंदबाजी भी अच्छी है। उसके पास कागिसो रबाडा जैसे तेज गेंदबाज हैं। रबाडा के अलावा वैभव अरोड़ा, अर्शदीप सिंह और राहुल चाहर ने भी अबतक अच्छा प्रदर्शन किया है। गेंदबाजी ऑलराउंडर ओडियन स्मिथ को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पंजाब ने अब तक छह में से तीन मैच जीते और तीन हारे हैं।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**दिल्ली कैपिटल्स:** ऋषभ पंत (कप्तान), अश्विन हेब्बर, डेविड वार्नर, मनदीप सिंह, पृथ्वी सॉव, रोवमैन पॉवेल, एनरिक नोर्किया, चेतन सकारिया, खलील अहमद, कुलदीप यादव, लुंगी एनगिडी, मुस्ताफिजुर रहमान, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, कमलेश नागरकोटी , ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, रिपल पटेल, सरफराज खान, विक्की ओस्तवाल, यश ढुल, केएस भरत और टिम सीफर्ट।

**पंजाब किंग्स:** मयंक अग्रवाल (कप्तान), शिखर धवन, अर्शदीप सिंह, कागिसो रबाडा, जॉनी बेयरस्टो, राहुल चाहर, हरप्रीत बरार, एम शाहरुख खान, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, इशान पोरेल, लियाम लिविंगस्टोन, ओडियन स्मिथ, संदीप शर्मा, राज अंगद बावा, ऋषि धवन, प्रेरक मांकड़, वैभव अरोड़ा, रितिक चटर्जी, बलतेज ढांडा, अंश पटेल, नाथन एलिस, अथर्व ताइडे, भानुका राजपक्षे और बेनी हॉवेल।



लीवरपूल में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलती हुई लीवरपूल और मैनचेस्टर की टीमें।

## माराडोना की बेटी ने नीलाम होने वाली जर्सी को नकली बताया

**ब्यूनस आयर्स** । अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर डिएगो माराडोना की बेटी डालमा माराडोना ने दावा किया है कि जिस जर्सी को उसके पिता की बताकर नीलामी किया जाने वाला है वह नकली है। माना जा रहा है कि इस जर्सी की नीलामी में 40 करोड़ रुपये से अधिक मिल सकते हैं। 20 अप्रैल बुधवार को माराडोना की इस शर्ट की ऑनलाइन् नीलामी होने जा रही है। उसके एक दिन पहली आयी इस खबर से इस मामले में नया मोड़ आ गया है। माराडोना की बड़ी बेटी ने खुलासा किया है कि उनके पिता की जिस जर्सी की नीलामी होने जा रही है वह दरअसल असली नहीं है। मारडोना ने यह जर्सी 1986 में इंग्लैंड के विरुद्ध खेले गए फीफा विश्वकप के क्वार्टर फाइनल मैच में इंग्लैंड के खिलाफ पहनी थी। इस दौरान उनके विवादास्पद गोल 'हैंड ऑफ गॉड' पर भी सवाल उठे थे क्योंकि मैच रेफरी उन्हें गोल करते देख नहीं पाए थे। माराडोना हेडर के जरिए गोल करना चाहते थे लेकिन गेंद उनके हाथ से टकराकर गोल पोस्ट में गई थी।

डिएगो माराडोना की बड़ी बेटी डालमा के अनुसार मेरे पिता ने उस मैच के पहले हाफ में जो जर्सी पहनी थी तब वह गोल नहीं कर पाए थे पर इसके बाद जब उन्होंने दूसरे हॉफ में दूसरी जर्सी पहनी तब वह दो गोल करने में सफल रहे। डालमा ने कहा कि ऐसा एक पूर्व खिलाड़ी ने उनसे कहा था हालांकि उन्होंने उस फुटबॉलर के नाम को सार्वजनिक नहीं किया है। . दूसरी ओर नीलामी हाउस सोथैबी ने डालमा के इस दावे को नकार दिया है। नीलामीकर्ता ने उस जर्सी की फोटो के जरिए इसकी पुष्ट की है. नीलामी हाउस का कहना है कि यह वही जर्सी है जिसे पहनकर माराडोना ने 'हैंड ऑफ गॉड' गोल करने के अलावा दूसरा गोल भी दागा था।

## सकीबुल को अप्रवासी भारतीय ने अपनी कंपनी का ब्रांड एंबेसडर बनाया

**पटना** । बिहार के युवा क्रिकेटर सकिबुल गनी को फर्स्ट क्लास क्रिकेट के पहले ही मैच में विश्व रिकॉर्ड बनाने का लाभ मिला है। उन्हें एक आप्रावासी भारतीय उद्योगपति राकेश पांडेय ने अपनी ब्रावो फॉर्मा में बनने वाली दवा का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। सकिबुल फर्स्ट क्लास क्रिकेट के पहले ही मैच में तिराश शतक 341 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर हैं। उन्होंने यह रिकॉर्ड गत फरवरी में मिजोरम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के मैच में बनाया था। इसी को देखते हुए प्रवासी भारतीय उद्योगपति राकेश सकीबुल के घर पहुंचे और उनके पूरे परिवार को सम्मानित करने के साथ ही एक करार भी किया। उन्होंने सकीबुल को देश में लांच होने वाली प्रतिष्ठित कम्पनी ब्रावो फार्मा की दवा का ब्रांड एम्बेसडर बनाने की घोषणा की है। पूर्वी चम्पारण के सकीबुल गनी व उनके परिवार से उद्योगपति राकेश ने मुलाकात की थी। मुलाकात के दौरान ब्रावो फॉर्मा के चेयरमैन ने घोषणा की कि सकीबुल उनकी दवा कम्पनी ब्राबो फार्मा के ब्रांड एम्बेसडर होंगे। साथ ही कहा कि मोतिहारी के खिलाडियों के लिए एक फास्ट पिच का निर्माण कराया जाएगा। नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) से लौटने के बाद सकीबुल और ब्रावो फॉर्मा में करार की



प्रकिया पूरी होगी। ब्रावो फार्मा के चेयरमैन ने गांधी मैदान में एक टर्फ विकेट बनाने और एक गेंदबाजी मशीन की स्थापना की भी घोषणा की है जिससे सकीबुल को निरन्तर अभ्यास में परेशानी न हो। साथ ही युवा क्रिकेटरों को बॉलिंग मशीन से टर्फ विकेट पर अभ्यास का मौका मिल सके।

सकीबुल को ब्रांड एंबेसडर बनाने को लेकर राकेश ने कहा कि हम चाहें तो किसी ब? सेलिब्रिटी को भी ब्रांड एंबेसडर बना सकते थे पर जब जिला व अपने गांव में विश्व रिकार्डधारी युवा हो, तो उसे प्रोमोट करना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। सकीबुल ने इसपर कृतज्ञता प्रकट की और कहा कि हमें और चम्पारण के युवा क्रिकेटरों को इससे काफी लाभ होगा। सकिबुल एक सामान्य किसान परिवार से आते हैं।

## व्यापार न्यूज़

### सेबी ने सिंह बंधुओं एवं अन्य पर लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली** । बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) ने फोर्टिस हेल्थकेयर मामले में उद्यमी मालविंदर मोहन सिंह और शिविंदर मोहन सिंह समेत नौ लोगों पर कुल 24 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। सेबी ने दोनों सिंह बंधुओ पर पांच-पांच करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया और आरएचसी होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड पर 2.5 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया। आदेश के अनुसार फोर्टिस हेल्थकेयर पर एक करोड़ रुपए और फोर्टिस हॉस्पिटल्स पर 50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा मालव होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड पर 2.5 करोड़ रुपए, शिवी होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड पर 2.5 करोड़ रुपए, गगनदीप सिंह बेदी पर 2.5 करोड़ रुपए और भवदीप सिंह पर 2.5 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। गौरतलब है कि अक्टूबर 2018 में सेबी ने फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड को सिंह बंधुओं और विभिन्न अन्य संस्थाओं से ब्याज सहित 403 करोड़ रुपए की वसूली के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया था। सेबी ने साथ ही सिंह बंधुओं को प्रतिभूति बाजार से तीन साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। उन्हें किसी सूचीबद्ध कंपनी में निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक के रूप में या किसी मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर संस्थान के सेबी के साथ पंजीकृत मध्यस्थ के रूप में संबद्ध होने से भी रोक दिया गया है।

### एलएंडटी इन्फोटेक को 637 करोड़ का मुनाफा

**मुंबई** । वित्त वर्ष 22 की चौथी तिमाही में लार्सन एंड टुब्रो इन्फोटेक ने 637.5 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है जो सालाना आधार पर 16.8 फीसदी ज्यादा और क्रमिक आधार पर 4.1 फीसदी अधिक है। विभिन्न कारोबारी वर्टिकल और इलाकों में व्यापक बढ़त के कारण राजस्व बेहतर रहा। वित्त वर्ष 22 की चौथी तिमाही में राजस्व 31.6 फीसदी बढ़कर 4,301.6 करोड़ रुपए पहुंच गया और यह क्रमिक आधार पर 4 फीसदी ज्यादा रहा। अमेरिकी डॉलर के लिहाज से कंपनी का राजस्व 3.1 फीसदी ज्यादा रहा। कंपनी का एबिटा मार्जिन 19.7 फीसदी रहा, जो एक तिमाही पहले के 20.1 फीसदी के मुकाबले कम है। कंपनी में नौकरी छोड़ने की दर 24 फीसदी रही, जो तीसरी तिमाही में 22.5 फीसदी रही थी।

### मजबूती के साथ बाजार की शुरुआत

## सेंसेक्स 324 अंक चढ़ा, निफ्टी 17,000 के पार

**मुंबई** । प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में बुधवार को शुरुआती कारोबार के दौरान बढ़त देखने को मिली। इससे पहले बाजार में लगातार पांच सत्रों से गिरावट का रुख था। बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख और रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस तथा एचडीएफसी के दोनों शेयरों में बढ़त के चलते निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 324.07 अंक बढ़कर 56,787.22 अंक पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 94.9 अंक बढ़कर 17,053.55 अंक पर था। सेंसेक्स में रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारुति, विप्रो, टीसीएस, नेस्ले, एमएंडएम और इंफोसिस लाभ में थे। एचडीएफसी के दोनों शेयर भी हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। इसके विपरीत कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक और लार्सन एंड टुब्रो में गिरावट हुई। इससे पहले बीते कारोबारी दिन मंगलवार को शेयर बाजार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई, लेकिन दिनभर के उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद आखिर में तेज गिरावट के साथ बंद हुआ था। बीएसई का सेंसेक्स 703 अंक



की गिरावट के साथ 56,463 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं एनएसई का निफ्टी सूचकांक 215 अंक फिसलकर 16,958 के स्तर पर बंद हुआ था। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को शुद्ध रूप से 5,871.69 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

### भारत की प्राथमिकताओं में क्रिप्टो संपत्ति का विनियमन, डिजिटल मुद्रा शामिलः आईएमएफ

**वाशिंगटन** । अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत के लिए मध्यावधि की प्राथमिकताओं में क्रिप्टो संपत्ति का विनियमन और डिजिटल मुद्रा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा बैंकिंग क्षेत्र में शेष नियामक चिंताओं को दूर करने और वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ एकीकरण जैसे संरचनात्मक मुद्दों पर भी भारत खास जोर दे रहा है। कुल मिलाकर आईएमएफ भारत को एक बेहद सकारात्मक तरीके से देख रहा है। उन्होंने आईएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक वसंत बैठक के मौके पर कहा कि मुझे लगता है कि कई अवसर हैं। भारत में पुनरुद्धार हो रहा है। नए वृद्धि के अवसरों, नए विकास के बारे में बहुत उत्साह है। उन्होंने कहा कि हम हमेशा मानते हैं कि विकास समावेशी है, और सभी लोगों को प्रभावित कर रहा है, लेकिन भारत को लेकर हमारा सामान्य नजरिया काफी सकारात्मक है। भारत के एजेंडे में क्रिप्टो करेंसी परिसंपत्तियों को विनियमित करना काफी ऊपर है। देश को आने वाले वर्षों में इसका समाधान तलाशना होगा। भारत का केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्राओं पर विचार कर रहा है, जो वित्तीय समावेशन और वित्तीय विकास के लिए काफी महत्वपूर्ण हो सकता है।

## विस्तारा से 2,499 रुपए में हवाई यात्रा का मौका!

**नईदिल्ली** । टाटा ग्रुप की विमानन कंपनी विस्तारा ने गर्मियों में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए टिकट बुकिंग पर खास ऑफर शुरू किया है। कंपनी की समरटाइम सेल इकॉनमी, प्रीमियम इकॉनमी और बिजनस तीनों क्लास की सीटों के लिए हैं। इस ऑफर के तहत घरेलू सफर के लिए बुकिंग 19 अप्रैल से शुरू हो चुकी है और 21 अप्रैल तक इसका फायदा उठा जा सकता है। इस ऑफर में इकॉनमी क्लास के लिए एक तरफ का किराया 2,499 रुपए, प्रीमियम इकॉनमी क्लास के लिए 3,459 और बिजनस क्लास के लिए 9,999 रुपए से शुरू हो रहा है। इंटरनेशनल रूट के लिए बुकिंग 25 अप्रैल तक कराई जा सकती है। इंटरनेशनल ट्रैवल के लिए रिटर्न टिकट की शुरुआत इकॉनमी क्लास में 12,999 रुपए, प्रीमियम इकॉनमी क्लास में 17,249 रुपए और बिजनस क्लास के लिए 35,549 रुपए से शुरू होगी। इसमें 20 जून से 30 सितंबर 2022 के बीच यात्रा के लिए टिकट बुक की जा सकती है। इस सेल के तहत यात्री दिल्ली, मुंबई और उदयपुर से लेकर देहरादून, चंडीगढ़, लखनऊ, अमृतसर, लेह, श्रीनगर, वाराणसी, गोवा, कोच्चि, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे अन्य शहरों की यात्रा कर सकते हैं। दिल्ली से देहरादून इकॉनमी क्लास का किराया 2,499 रुपए है। ऑफर के तहत उदयपुर से दिल्ली के लिए सिर्फ एक फ्लाइट है। इस किराये में कन्वीनियंस फीस शामिल नहीं है। इसी तरह दिल्ली और मुंबई से काठमांडू, कोलंबो, ढाका, सिंगापुर और दुबई जैसे इंटरनेशनल रूट्स के लिए बुकिंग कर सकते हैं। विस्तारा की समरटाइम सेल के लिए कंपनी की वेबसाइट, आईओएस और एंड्रॉइड मोबाइल ऐप, विस्तारा के एयरपोर्ट टिकट ऑफिस, एयरलाइन के कॉल सेंटर, ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों और ट्रैवल एजेंटों के माध्यम से बुकिंग की जा सकती है।

## दूरसंचार ग्राहक घटकर 116.6 करोड़ रह गए

**नई दिल्ली** । देश में दूरसंचा उपभोक्ता इस साल फरवरी में घटकर 116.60 करोड़ रह गए। इस दौरान रिलायंस जियो और वोडाफोन आइडिया जैसी कंपनियों के मोबाइल ग्राहक कम हुए। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के जारी ?किए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के मुताबिक मोबाइल खंड में भारती एयरटेल एकमात्र कंपनी रही जिसके कनेक्शनों की संख्या में बढ़ोतरी हुई। वहीं फिक्स्ड लाइन ग्राहक आधार में वृद्धि जारी रही। निजी दूरसंचार ऑपरेटरों की बाजार हिस्सेदारी इस खंड में बढ़ी है जबकि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों बीएसएनएल और एमटीएनएल ने अपने ग्राहक गंवाए हैं। ट्राई की रिपोर्ट में कहा गया है ?कि भारत में टेलीफोन ग्राहकों की संख्या जनवरी, 2022 के अंत के 116.94 करोड़ से घटकर फरवरी, 2022 के आ?खिर में 116.60 करोड़ रह गई। यह 0.29 प्रतिशत की गिरावट है। उत्तर प्रदेश पूर्व, जम्मू-कश्मीर और हरियाणा को छोड़कर पूरे देश में दूरसंचार सर्किलों में मोबाइल ग्राहकों की संख्या में गिरावट आई। फरवरी लगातार तीसरा महीना था जब रिलायंस जियो ने अपने मोबाइल ग्राहक गंवाए हैं। कंपनी के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 36.6 लाख घटकर 40.27 करोड़ रह गई। वोडाफोन आइडिया (वीआई) के मोबाइल ग्राहकों की संख्या में भी गिरावट आई। इसने 15.32 लाख मोबाइल ग्राहकों को खो दिया, जबकि बीएसएनएल और एमटीएनएल के क्रमशः 1.11 लाख और 5,097 कनेक्शन कम हुए। भारती एयरटेल ने फरवरी में 15.91 लाख नए ग्राहक जोड़े। ट्राई की रिपोर्ट के अनुसार वायरलाइन ग्राहकों की संख्या जनवरी, 2022 के आखिर के 2.42 करोड़ से बढ़कर फरवरी, 2022 के आखिर में 2.45 करोड़ हो गई। 1.27 प्रतिशत की मासिक वृद्धि दर के साथ वायरलाइन ग्राहक आधार में शुद्ध रूप से 3.1 लाख की वृद्धि हुई।रिलायंस जियो ने वायरलाइन खंड में सबसे अधिक 2.44 लाख नए ग्राहकों को जोड़ा। इसके बाद भारती एयरटेल ने 91,243 ग्राहक जोड़े, फिर वोडाफोन आइडिया ने 24,948, क्वाड्रेंट ने 18,622 और आखिरी में टाटा टेलीसर्विसेज ने 3,772 ग्राहक जोड़े। बीएसएनएल और एमटीएनएल की इस खंड में संयुक्त रूप से 49.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## वॉट्सऐप 'लास्ट सीन' को छुपाने का देगा ऑप्शन

**नई दिल्ली** । सोशल मीडिया प्लेटफार्म वॉट्सऐप अपने यूज़र्स को विशिष्ट कॉन्टैक्ट से 'लास्ट सीन' को छुपाने का ऑप्शन देगा। मौजूदा समय में, ऐप यूज़र्स को तीन ऑप्शन मिलते हैं ,जिसमें वह सेलेक्ट कर सकते हैं कि उन्हें 'लास्ट सीन' को सबको दिखाना है, सिर्फ फोन कॉन्टैक्ट को दिखाना है या फिर सबसे छुपाना है। 'लास्ट सीन' आपको बताता है कि किसी यूज़र ने आखिरी बार अपना ऐप कब चेक किया था यानी कि वह कब ऑनलाइन आया। ये मैसेज सेंड करने वालों को ये अनुमान लगाने की अनुमति देता है कि क्या आपने कोई मैसेज देखा होगा, भले ही 'रीड रिसीप्ट' बंद हो। वाबेटा इंफो के अनुसार, एंड्रॉयड और आईओएस के लिए लेटेस्ट बीटा में, वॉट्सऐप अब आपको उन व्यक्तियों से'लास्ट सीन' छिपाने की अनुमति देगा, जिन्हें आप सिर्फ अपनी कॉन्टैक्ट लिस्ट से चुनते हैं। वाबेटाइंफो ने ट्वीट कर नए फीचर की जानकारी दी है।वाबेटाइंफो ने ट्वीट कर नए फीचर की जानकारी दी है। अगर आप सेटिंग्स में जाते हैं, तो अकाउंट पर टैप करें, और प्राइवेसी को सेलेक्ट करें, आपको'लास्ट सीन' के लिए एक ऑप्शन दिखने लगेगा, ऑप्शन को सेलेक्ट करें और 'माई कांटेक्टस एक्सेप्ट' पर टैप करें ताकि ये पता लगाया जा सके कि आपका स्टेटस कौन देख सकता है। ये मददगार है क्योंकि अब आपको अपनी ऑनलाइन स्थिति को सभी से छुपाने की ज़रूरत नहीं होगी, और आप कॉन्टैक्ट के बस कुछ ही लोगों से लास्ट सीन स्टेटस छुपा सकेंगे।

इसके अलावा वॉट्सऐप जल्द यूज़र्स के लिए 5 नए फीचर्स लाने के लिए तैयार है, जिसमें सबसे अहम फीचर्स कम्युनिटीज है, जो लोगों को अब बड़े समुदाय के साथ जुड़ने की सुविधा देगा। इसके अलावा मेटा के स्वामित्व वाला ये मैसेजिंग ऐप 4 और फीचर लॉन्च करने वाला है। बता दें कि वॉट्सऐप यूज़र्स के लिए नए-नए फीचर पर काम करता रहता है।


# श्वेता तिवारी ने लगाया हॉटनेस का तड़का, 40 साल की उम्र में ढा रही हैं कहर



सीरियल कसौटी जिंदगी की फेम श्वेता तिवारी बीते काफी समय से सुर्खियों में है. श्वेता अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा इन दिनों पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. श्वेता इन दिनों खतरों के खिलाड़ी का हिस्सा बनने केपटाउन में हैं. इसी बीच एक्ट्रेस ने अपनी बेहद हॉट पिक्स फैंस के लिए शेयर की हैं. श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह आए दिन सोशल मीडिया पर अपनी हॉट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं.श्वेता की ग्लैमरस पिक्स का अब फैंस को भी काफी इंतजार रहता है, ऐसे में हाल ही में श्वेता ने एक बार फिर से अपनी बोल्ड पिक्स सोशल मीडिया पर शेयर की हैं. श्वेता ने जो फोटोज शेयर की हैं उन तस्वीरों में वह बहुत खूबसूरत लग रही हैं. श्वेता का ये हॉट अवतार देखकर फैंस हैरान रह गए हैं. टीवी सेलेब्स भी श्वेता की फोटोज पर कमेंट कर रहे हैं. श्वेता ने पिक्स खतरों के खिलाड़ी की शूटिंग से ठीक पहले फैंस के लिए शेयर की हैं. फोटो केपटाइन की हैं ये खुद श्वेता ने इंस्टाग्राम पर लिखा है. श्वेता इन पिक्स में बालकनी में खड़ी नजर आ रही हैं. फोटोज में वह व्हाइट कलर की शॉर्ट ड्रेस पहने दिख रही हैं. इन फोटोज में वह काफी मुस्कराती नजर आ रही हैं. हर एक पिक में श्वेता अपनी हॉट अंदाओं को बिखेरती दिख रही हैं. श्वेता तिवारी हाल ही के दिनों पहले अपने कई फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की थीं. श्वेता की फोटोज और बोल्ड अंदाज देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. श्वेता को खतरों के खिलाड़ी से पहले आखिरी बार सोनी के शो मेरे डैड की दुल्हन है मेरे देखा था. इस शो में वह वरुण वडोला के अपोजिट दिखी थीं. शो में वह एक 40 साल की अनमैरिड तेज तर्रार पंजाबी लड़की के लुक में दिखी थीं, जो एक बेटी के बाप के प्यार में पड़ जाती है. इस शो को फैंस के बीच काफी पसंद किया गया था।

## इमरान हाशमी ने मुकेश भट्ट-महेश भट्ट के साथ अपने रिश्ते का किया खुलासा, अलग होने की बताई वजह

बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी को आखिरी बार संजय गुप्ता के निर्देशन में बनी ओटीटी रिलीज मुंबई सागा में देखा गया था. अब एक्टर का एक इंटरव्यू चर्चा में आ गया है. वे इस इंटरव्यू में अपने गुरु मुकेश भट्ट-महेश भट्ट के साथ प्रोफेशनल दूरियां बढ़ने के बारे में बात कर रहे हैं. इमरान ने भट्ट जोड़ी के साथ कई फिल्में की हैं और वे विशेष फिल्म्स के साथ इमोशनली जुड़े हुए हैं. भट्ट जोड़ी से अलग होने के बारे में इमरान ने कहा कि भले ही वे उनसे अलग होने की वजह नहीं जानते हैं, पर वे निश्चित ही इससे निराश हुए थे. इमरान ने यह भी कहा कि कुछ भी स्थाई नहीं है और सभी अच्छी चीजों का अंत होता है. वे फिर से साथ काम करने की इच्छा भी जाहिर कर रहे हैं. उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वे उन दोनों के संपर्क में हैं और मुकेश भट्ट ने उन्हें मुंबई सागा की रिलीज से पहले विश भी किया था. इमरान ने कहा, मेरे पास विशेष फिल्म्स की कई यादें हैं. मेरी इच्छा है कि हम सभी एक साथ, एक फिल्म करने के लिए वापस आएं. मुझे नहीं पता कि सब्जेक्ट क्या होगा, लेकिन आपके सवाल का जवाब देने के लिए, मैं कहता हूं कि सभी अच्छी चीजें खत्म हो जाती हैं. चीजें बदल जाती हैं. कुछ भी स्थाई नहीं है. और उन दोनों के बीच क्या हुआ, यह जाने बिना मैं यह सब कह रहा हूं. वे आगे कहते हैं, जहां तक मेरा सवाल है, मैं अब भी उन दोनों से बात करता हूं. मुंबई सागा की रिलीज से पहले मुकेश जी ने मुझे शुभकामनाएं दी थीं. मैं महेश भट्ट के संपर्क में हूं. यह पूछे जाने पर कि क्या वे उनसे प्रोफेशनल दूरियां बढ़ने से निराश है।



## रिलीज से पहले राजामोली की ट्रिपल आर दर्ज किया इतिहास, 475 करोड़ फाइनल हुई डील

बाहुबली जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म बनाने वाले डायरेक्टर एस एस राजामौली इन दिनों अपनी अगली फिल्म को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। बता दें कि एस एस राजामौली पिछले काफी समय से फिल्म ट्रिपल आर की शूटिंग कर रहे हैं। ट्रिपल आर साउथ फिल्म इंडस्ट्री की मेगा बजट फिल्मों की लिसट में आती है जिसमे बॉलीवुड और साउथ के कई कलाकार मुख्य किरदार में नजर आने वाले है। जिसमे राम चरण, जूनियर एनटीआर, अजय देवगन और आलिया भट्ट जैसे कलाकार नजर आएंगे। ऐसे में दर्शक राजामौली की इस फिल्म का इंतजार उस वक्त से कर रहे है जब इसका ऐलान मेकर्स ने किया था। ट्रिपल आर एक पैन इंडिया फिल्म है।

# ...तो इस साल भी रिलीज नहीं होगी आलिया-रणबीर की 'ब्रह्मास्त्र!



आलिया भट्ट और रणबीर कपूर के चाहने वालों हेतु एक बुरी खबर है। उन्हें फिलहाल इस हॉट कपल को पर्दे पर एक साथ देखने हेतु लंबी प्रतीक्षा करनी होगी। डायरेक्टर अयान मुखर्जी की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'ब्रह्मास्त्र को लेकर ये खबर सामने आ रही है कि ये इस वर्ष मतलब साल 2021 में रिलीज ना हो कर अगले साल 2022 में जारी होगी। हालांकि इसको लेकर भी किसी तरह का आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। एक रिपोर्ट की माने तो इस वर्ष जारी होने वाली फिल्म ब्रह्मास्त्र के मेकर्स ने इसे अगले वर्ष गर्मियों में रिलीज करने के मूड में हैं। क्योंकि अभी भी फिल्म में पोस्ट-प्रोडक्शन बाकि है, जिस पर कार्य जारी है। मीडिया में जारी खबरों के मुताबिक साल 2021 के आखिरी में अगर देश में कोरोना के चलते खराब हुए हालात सामान्य हो जाते हैं तो अयान मुखर्जी फिल्म का बचा हुआ कार्य निपटाएंगे। जानकारी के मुताबिक इससे पहले ऐसी खबरें थी कि यह फिल्म दीपावली के अवसर पर रिलीज होगी। बता दें कि ये फिल्म वर्ष 2018 से ही फ्लोर पर आ गई है किंतु किसी न किसी वजह से डिले हो रही है। हालांकि आलिया और रणबीर के फैंस को इस फिल्म का काफी बेसब्री से इंतजार है। फैंस तो शीघ्र से शीघ्र फिल्म का ट्रेलर देखना चाहते हैं पर ट्रेलर तो छोड़ों टीजर तक देखने को नहीं मिला। रणबीर और आलिया की फिल्म में अमिताभ बच्चन, मौनी रॉय और नागार्जुन जैसे कलाकार दिखाई देने वाले हैं। यह फिल्म एक बिग बजट वाली फिल्मों में एक है।



# विक्की कौशल ने कई नौकरियां ठुकराने के बाद एक्टिंग का किया था रुख, आज बॉलीवुड के हैं टॉप एक्टर

आज विक्की कौशल ने अपनी शानदार एक्टिंग के बदौलत बॉलीवुड में अपनी खास जगह बना ली है. वे जिस मुकाम पर हैं, वहां पहुंचने के लिए उन्होंने बहुत मेहनत की है. हाल ही में इस वर्सटाइल एक्टर ने जन्मदिन मनाई। इस मौके पर हम एक्टर की जिंदगी के बारे में कुछ खास बातें बताई. विक्की कौशल फीमेल फैंस के बीच अपने रफ एंड टफ लुक के लिए काफी मशहूर हैं. विक्की का जन्म 1988 में मुंबई की एक चॉल में हुआ था. बहुत कम लोग जानते हैं कि वे बॉलीवुड के स्टंटमैन शाम कौशल के बेटे हैं. जब शाम कौशल को बॉलीवुड में काम मिलना बंद हो गया था, तब वे विक्की के नौकरी में आने की उम्मीद करने



लगे थे. उस समय विक्की इंजीनियरिंग कर रहे थे. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो खुद विक्की ने इस बारे में बताया था कि उनके पिता चाहते थे कि वे अच्छी नौकरी करें और अपने करियर को सेट करें. विक्की ने भले ही इंजीनियरिंग की पढ़ाई की हो, पर उनकी रुचि हमेशा एक्टिंग में थी. एक्टिंग की चाह उनमें बचपन से थी. एक्टर ने आखिर कई नौकरियां ठुकराने के बाद एक्टिंग का रुख किया और इसकी ट्रेनिंग लेने लगे. उन्होंने किशोर नमित कपूर के एक्टिंग एकेडमी में अभिनय की शिक्षा ली थी. फिर उन्हें अनुराग कश्यप के साथ जुड़ने का मौका मिला. वे फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के दोनों पार्ट में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर जुड़े थे. विक्की की जिंदगी में 2015 खास महत्व रखता है, क्योंकि उन्हें उस साल अपनी पहली फिल्म मसान में बतौर एक्टर काम करने का मौका मिला था. इस फिल्म में विक्की का मुख्य रोल था, जिसे दर्शकों ने बहुत पसंद किया. लोगों ने उनके टैलेंट को पहचाना।

## रेड लिपस्टिक एक्शन में थोड़ी कमी महसूस कर रही हूंः रवीना टंडन



बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन कोविड-19 महामारी के पिछले एक साल से अपने चेहरे को मास्क से ढके हुए हैं और अपनी पसंदीदा लाल लिपस्टिक नहीं लगा पा रही हैं। रवीना ने इंस्टाग्राम पर अपने मन की बात जाहिर की। अभिनेत्री ने लाल रंग की लंबी पोशाक में अपनी एक खूबसूरत तस्वीर के साथ लाल लिपस्टिक पहने अपने चेहरे की कुछ तस्वीरों को साझा किया। तस्वीरों के साथ, रवीना ने लिखा, हैलो! मैं लाल रंग को याद कर रही हूं! पिछले पूरे साल मास्क में ढके रहने के साथ, और अभी भी ऐसा करना जारी है . हैशटैग रेडलिपस्टिक एक्शन थोड़ा सा याद आ रहा है . रवीना ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर इस बारे में बात की कि वह अपने काम को कितना याद कर रही हैं जो महामारी के कारण रुका हुआ है। अभिनेत्री ने आगामी अपराध श्रृंखला अरण्यक की शूटिंग के अपने आखिरी दिन की कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जो फरवरी में हुई थी। उन्होंने तस्वीरों के साथ लिखा,हैशटैगथ्रोबैक हैशटैगअरण्यक की शूटिंग का आखिरी दिन। फरवरी में सभी की खुशी मुस्कान। गैंग को मिस करना, एक्शन, मस्ती. खुशी के दिन फिर से वापस आ जाएंगे। पता नहीं था कि मैं काम को इतना मिस करूंगी।

# तमिल शख्स के साथ शादी करना चाहती हैं रश्मिका मंदाना, खुद किया खुलासा



साउथ इंडस्ट्री की मशहूर और सबसे खूबसूरत खूबसूरत अभिनेत्री कहीं जाने वाली रश्मिका मंदाना ने पिछले एक दो सालों में अपनी फिल्मों से दर्शकों का दिल जीता है। उनकी खूबसूरती और अदाकारी की वजह से आज वो साउथ फिल्म इंडस्ट्री के साथ-साथ बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री पर राज करने वाली है। जी हां रश्मिका मंदाना आने वाले दिनों में ना सिर्फ साउथ की बल्कि बॉलीवुड की भी कई फिल्मों में दिखाई देने वाली है। जिसका ऐलान बीते दिनों किया जा चुका है। रश्मिका मंदाना साउथ की एक लीडिंग एक्ट्रेस है। जिन्होंने अब तक कन्नड़, तमिल और तेलुगू फिल्मों में काम किया है। इन तीनों ही भाषा की फिल्मों में उन्होंने अपनी एक खास जगह बनाई है और उनके क्यूट एक्सप्रेशन की वजह से रश्मिका मंदाना को नेशनल क्रश तक कहा जाता है। रश्मिका मंदाना के लिए ऐसा कहा जाता है कि वो अपने को स्टार अभिनेता विजय देवरकोंडा के साथ अफेयर को लेकर सुर्खियों में बनी थी। हालांकि अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने साफ कर दिया कि वो अभिनेता विजय देवरकोंडा को डेट नहीं कर रही है। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने हाल ही में एक खास बातचीत में इस बात का खुलासा किया है कि कैसे शख्स के साथ शादी करना चाहती है। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने बताया कि, उनको तमिल खाना बहुत पसंद है। ऐसे में एक तमिल शख्स के साथ शादी करना चाहती हैं। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की इन बातों से साफ जाहिर हो रहा है कि वो तमिल शख्स के साथ शादी करना चाहती हैं। अगर हम बात करें उनके काम की तो वो आने वाले दिनों में मिशन मजनूं और गुडबाय जैसी बॉलीवुड फिल्मों में नजर आने वाले हैं।

# कभी आपने सोचा है कि महिलाओं के शर्ट के बटन बाईं ओर और पुरुषों के दाईं ओर क्यों होते हैं? जानिए



काफी समय पहले डेटिंग के लिए फैशनेबल कपड़ों का उतना चलन नहीं था. पुरुष वर्ग हमेशा से धोती-कुर्ता पहना करते थे और महिलाएं साड़ी पहना करती थीं. किसी भी तरह के खास मानदंडों को स्थापित नहीं किया गया था. महिलाएं और पुरुष एक निश्चित कपड़े पहना करते थे. हालांकि, बदलते दौर के साथ-साथ चीजें काफी बदल गई और फैशन उद्योग के आने के बाद से कपड़ों का रंग-ढंग, उनका अंदाज और पहनने का अंदाज सब कुछ बदल गया. लेकिन एक चीज फिर भी कॉमन रही कि फैशन उद्योग में कपड़े दोनों ही के लिए समान रूप से बदले. अगर महिलाओं के लिए अलग-अलग तरह के कपड़ों का चुनाव किया गया तो पुरुषों के लिए भी कई अलग कपड़ों का चुनाव किया गया. आज तो कपड़ों को लेकर फैशन शोज तक आयोजित किए जाते हैं और ये तय किया जाता है कि कौन से कपड़े बाजारों में ट्रेंड में रहने चाहिए. लेकिन हम आज जिस चीज के बारे में बात करना चाहते हैं, वो दरअसल ये है कि क्या कभी आपने कपड़े पहनते वक्त या फिर खरीदते वक्त ये गौर किया है कि महिलाओं के शर्ट में बटन हमेशा बायीं तरफ और पुरुषों के शर्ट में बटन दायीं तरफ क्यों होता है? आज आपको इसके विषय में कुछ रोचक तथ्य बताने जा रहे हैं, जो कि वाकई में दिलचस्प होने वाले हैं. महिलाओं के शर्ट के बटन बायीं तरफ और पुरुषों के शर्ट के बटन दायीं तरफ होते हैं. इस अवधारणा के बारे में कई सिद्धांत हैं, जिनके बारे में आज हम आपको बताएंगे-

एक लोकप्रिय सिद्धांत के अनुसार, ये कहा जाता है कि पुरुषों के लिए हथियार तक पहुंचना आसान था और इस तरह उनके शर्ट के बटन दायीं ओर थे. ये भी कहा जाता है कि पुरुषों के लिए सीधे हाथ से हथियार तक पहुंचना आसान था. ये भी कहा जाता है कि महिलाएं घोड़े की सवारी करती थीं और बायीं ओर के बटन उनके लिए आसान हो जाते थे, ताकि हवा उनकी शर्ट से न गुजर सके. अभी तक एक और दिलचस्प कहानी है जो कहती है कि महिलाओं ने नेपोलियन की स्टाइल सेंस का मजाक उड़ाया था और उसके हाथ हैंड वेस्टकोट स्टाइल में था. इस तरह उसने आदेश दिया कि महिलाओं की शर्ट में बायीं ओर बटन होंगे। उसके बाद, बायीं ओर बटन एक ट्रेंड बन गई. एक अन्य सिद्धांत से पता चलता है कि आम लोग, अमीर लोगों की तरह कपड़े पहनना चाहते थे और उस समय, अमीर महिलाओं के पास जो शर्ट होते थे उनके बटन बायीं ओर होते थे और इससे जनता आकर्षित होती थी और सभी महिलाएं उसी तरह कपड़े पहनना शुरू कर देती थीं।

## ऑनलाइन डेटिंग करते समय रखें इन बातों का ध्यान

कोरोना के बढ़ते प्रसार के कारण देश लॉकडाउन का सामना कर रहा है। इस वजह से लोगों के पास अपने घर हैं। घरों में बंद रहने से लोग बोर हो गए हैं। कुछ युवा ऑनलाइन डेटिंग की ओर रुख कर रहे हैं। लेकिन यह ऑनलाइन डेटिंग कितनी सुरक्षित है। यह भी जानें कि रास्ते को आसान बनाने में मदद के लिए क्या देखना है और क्या करना है।



**अपनी तस्वीरें साझा न करें-** जब आप डेटिंग के माध्यम से किसी से जुड़ते हैं, तो आप उनके साथ खुलकर चैट करते हैं। हम अपने नंबर साझा करते हैं। ऐसे समय में आप उस अजनबी के साथ होते हैं

ध्यान रखें कि आप अपनी तस्वीरें शेयर न करें। अजनबी भी उन तस्वीरों का गलत इस्तेमाल कर सकता है।

**अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें:** ऑनलाइन डेटिंग करते समय, सावधान रहें कि अपनी कोई भी निजी जिंदगी उस अजनबी के साथ साझा न करें। यदि आप अपने निजी स्थान पर गलत व्यक्ति से संपर्क करते हैं। तो वह इसका दुरुपयोग कर सकता है और आपको परेशानी में डाल सकता है इसलिए इस दौरान सावधान रहें। मिलने की जगह के बारे में सोचें- आप ऑनलाइन डेटिंग कर रहे हैं और अगर मिलना चाहते हैं तो लॉकडाउन के बाद कहां मिलना है, यह जरूर पता कर लें। अकेले में मिलने न जाएं।

## सेना प्रमुख की चुनौतियां

लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे देश के अगले थल सेना प्रमुख होंगे। केंद्र सरकार ने नए सेनाध्यक्ष के तौर पर उनकी नियुक्ति के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। वह इसी महीने 30 अप्रैल को रिटायर हो रहे सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की जगह एक मई को भारतीय सेना की कमान संभालेंगे। कई विशेष सैन्य आपरेशनों में हिस्सा ले चुके लेफ्टिनेंट जनरल पांडे इस समय देश के उप सेना प्रमुख हैं। सरकार ने नए सेनाध्यक्ष की नियुक्ति में इस बार वरिष्ठता की कसौटी का पालन करना मुनासिब समझा है और लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे वर्तमान शीर्षस्थ अधिकारियों में सबसे वरिष्ठ हैं। खास बात यह भी है कि वह सेना प्रमुख के पद पर पहुंचने वाले कार्प्स आफ इंजीनियर ब्रांच के पहले अफसर हैं। उप सेना प्रमुख बनने से पहले लेफ्टिनेंट जनरल पांडे पूर्वी कमान के कमांडिंग आफिसर और अंडमान-निकोबार कमान के कमांडर इन चीफ का पद भी संभाल चुके हैं। सेना के काबिल अफसरों में शुमार किए जाने वाले पांडे सेना में अपनी सेवाओं के लिए परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल आदि से सम्मानित किए जा चुके हैं। पांडे ने नेशनल डिफेंस एकेडमी और इंडियन मिलिट्री एकेडमी के जरिये 1982 में कार्प्स आफ इंजीनियर में बतौर सेना अधिकारी कमीशन हासिल किया था। वह ब्रिटेन के कैमबर्ले के स्टाफ कालेज का भी हिस्सा रहे और संयुक्त राष्ट्र के कई शांति मिशनों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। लेफ्टिनेंट जनरल पांडे ने संसद पर हमले के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा पर आपरेशन पराक्रम में तैनाती के दौरान जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर 117 इंजीनियर रेजिमेंट का नेतृत्व भी किया था। इसके बाद आर्मी वार कालेज महू से हायर कमांड कोर्स पूरा किया और मेजर जनरल बनने के बाद पश्चिमी लद्दाख में ऊंचाई वाले अभियानों में शामिल आठ माउंटेन डिवीजन की कमान संभाली। फिर सेना मुख्यालय में सैन्य अभियान निदेशालय में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) के रूप में काम किया। लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे ऐसे समय देश के सेना प्रमुख की जिम्मेदारी संभालेंगे जब बीते दो साल से पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा पर चल रही सैन्य जटिलताएं अभी भी बनी हुई हैं। अफगानिस्तान में तालिबान के आने के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के नए खतरों की आशंकाएं कायम हैं तो मौजूदा रूस-यूक्रेन युद्ध के प्ररिप्रेक्ष्य में नई तरह की सामरिक चुनौतियों से रूबरू होना पड़ेगा। इनके बीच सेना का आधुनिकीकरण और जरूरी अस्त्र-शस्त्रों की यथाशीघ्र आपूर्ति नए सेना प्रमुख के लिए सबसे अहम होगी। लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे के सेनाध्यक्ष बनने के बाद तीनों सेना प्रमुख एनडीए के 61वें बैच के होंगे। वायुसेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी और नौसेना अध्यक्ष एडमिरल हरि कुमार उसी बैच के हैं। घर में सैन्य पृष्ठभूमि न होने के बावजूद उनके सेना में जाने की कहानी बेहद दिलचस्प है। पांडे परिवार शहर से दूर नागपुर यूनिवर्सिटी कैंपस में रहता था। उनके घर के आसपास कोई बड़ा स्कूल नहीं था। हालांकि, घर से कुछ दूरी पर वायु सेना नगर में एक केंद्रीय विद्यालय था, लेकिन उसमें बाहरी स्टूडेंट्स के लिए कोई प्रवेश नहीं था। उनके पिता डॉ. पांडे ने वायु सेना के अधिकारियों से मनोज को स्कूल में दाखिला देने के लिए अनुरोध किया, जिसे उन्होंने मान लिया। यहां पढ़ने के दौरान उन्होंने सेना का अनुशासन देखा और यहीं से मन बनाया कि वे भी आर्मी ज्वाइन करेंगे। यहीं पढ़ने के दौरान 11वीं कक्षा में पढ़ते हुए उन्होंने केंद्रीय लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास की और एनडीए में शामिल हो गए।

# (दो टूक) चिंता का कारण बनते निरन्तर होते रेल हादसे

**योगेश कुमार गोयल**

15 अप्रैल की रात एक और बड़ी रेल दुर्घटना हुई, जब मध्य रेलवे के माटुंगा-दादर के बीच दादर से पुड्डुचेरी जाने वाली दादर पुड्डुचेरी एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए थे और उसी समय गडग एक्सप्रेस भी इस ट्रेन से टकराते-टकराते बची थी। इस रेल दुर्घटना के 15 घंटे बाद इस रूट पर रेल सेवा पूरी तरह बहाल की जा सकी। पिछले करीब तीन महीने से एक के बाद एक होती रेल दुर्घटनाओं से रेलवे के सुरक्षा प्रबंधों पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। हालांकि 13 जनवरी को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के दोमोहानी इलाके में हुई भीषण रेल दुर्घटना के बाद इतनी बड़ी दुर्घटना तो नहीं हुई है लेकिन लगातार हो रही छोटी रेल दुर्घटनाओं की अनदेखी करना भी उचित नहीं होगा क्योंकि ये दुर्घटनाएं भी यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि भारतीय रेल प्रणाली में सब कुछ दुरूस्त नहीं है। ऐसे हर छोटे-बड़े हादसों में रेल तंत्र की लापरवाही स्पष्ट उजागर होती रही है।

अगर हाल के दिनों की कुछ रेल दुर्घटनाओं पर नजर डालें तो 3 अप्रैल को महाराष्ट्र में नासिक के निकट जयनगर एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतरने के कारण एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। उसी दिन जोगबनी से कटिहार जा रही डीएमयू का एक्सल टूट जाने से बड़ी दुर्घटना होते-होते बची। 2 अप्रैल को महाराष्ट्र के दौलताबाद स्टेशन के निकट मालगाड़ी के 8 डिब्बे पटरी से उतर गए। 31 मार्च को एटा से आगरा जा रही रेलगाड़ी बड़ी दुर्घटना का शिकार होते-होते टली, दरअसल आगे पटरी टूटी थी और एक श्रमिक महिला ने अपनी लाल साड़ी उतारकर रेल पटरी के बीचों-बीच साड़ी लहराकर चालक को सचेत किया। 28 मार्च को छत्तीसगढ़ के जामगांव रेलवे स्टेशन के निकट एक ही पटरी पर दो मालगाड़ियां आ जाने से उनकी टक्कर हो गई। 5 मार्च को सहारनपुर से दिल्ली आ रही पैसेंजर ट्रेन में अचानक आग लगने से यात्रियों में हड़कंप मच गया था। उससे पहले बिहार के मधुबनी रेलवे स्टेशन पर खड़ी स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस की कुछ बोगियों में भी 19 फरवरी की सुबह एकाएक आग लग गई थी।

लापरवाही के चलते लगातार हो रहे ऐसे रेल हादसों की बहुत लंबी फेहरिस्त है लेकिन चिंता की बात यह है कि लगातार होते ऐसे हादसों से कोई सबक नहीं लिए जाते। जब भी बड़ा रेल हादसा घटित होता है तो रेलवे द्वारा भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कड़े कदम उठाने का रटा-रटाया जवाब सुनने को मिलता है लेकिन थोड़े ही समय बाद जब फिर कोई रेल हादसा सामने आता है तो रेल तंत्र के ऐसे दावों की कलई खुल जाती है। ऐसे रेल हादसों के बाद प्रायः जांच के नाम पर कुछ रेल कर्मचारियों व अधिकारियों पर गाज गिरती है किन्तु समूचा रेल तंत्र उसी पुराने ढ़र्रे पर रेंगता रहता है। हर रेल हादसे के बाद हादसे के कारणों को लेकर तरह-तरह की बातें कही-सुनी जाती हैं। कभी रेलकर्मियों की लापरवाही की बात सामने आती है तो कभी कहा जाता है कि बाहरी ताकतों ने इसे अंजाम दिया। हर दुर्घटना के बाद जांच के आदेश दिए जाते हैं और जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित की जाती है किन्तु समिति की रिपोर्ट फाइलों में दबकर रह जाती है। यही कारण है कि किसी भी हादसे में कभी पता नहीं चलता कि हादसे में वास्तविक दोषी कौन था? रेल दुर्घटनाओं के मामले में भारतीय रेलों की क्या दशा है, इसका अनुमान रेल मंत्रालय के ही इन आंकड़ों से लगाया जा सकता है कि 2019 से पहले के साढ़े चार वर्षों में 350 से भी अधिक छोटे-बड़े हादसे हुए थे। रिपोर्ट के अनुसार 2014-15 में जहां 135 रेल हादसे हुए, वहीं 2015-16 में 107 और 2016-17 में 104 रेल हादसे सामने आए। तत्कालीन रेलमंत्री सुरेश प्रभु ने संसद में बताया था कि 2012 से 2017 के बीच पांच वर्षों में देश में 586 रेल हादसे हुए, जिनमें 308 बार ट्रेनें पटरी से उतरी और उन हादसों में 1011 लोग मारे गए, जिनमें पटरी से उतरने वाली ट्रेनों ने ही 347 जानें ली। रेलवे सेफ्टी और यात्री सुरक्षा से जुड़े एक सवाल के जवाब में संसद में बताया गया था कि रेल हादसों की बड़ी वजह रेलवे स्टाफ की नाकामी,



सड़क पर चलने वाली गाड़ियां, मशीनों की खराबी और तोड़-फोड़ रही। 2014-15 के 135 रेल हादसों में 60, 2015-16 में हुए 107 हादसों में 55 और 2016-17 में 30 नवम्बर 2016 तक के 85 हादसों में से 56 दुर्घटनाएं रेलवे स्टाफ की नाकामी या लापरवाही के चलते हुई। तत्कालीन रेलमंत्री सुरेश प्रभु द्वारा 2016-17 के रेल बजट में रेल दुर्घटनाएं रोकने के लिए 'मिशन जीरो एक्सीडेंट' नामक एक विशेष अभियान शुरू करने की घोषणा की गई थी, जिसके बाद रेल दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए त्वरित पटरी नवीनीकरण, अल्ट्रासोनिक रेल पहचान प्रणाली तथा प्राथमिकता के आधार पर मानवरहित रेलवे क्रॉसिंग खत्म किए जाने जैसे विभिन्न सुरक्षा उपायों पर कार्य शुरू किया गया था किन्तु ये कार्य बहुत धीमी गति से जारी हैं। हालांकि ट्रेनों की आपस में टक्कर से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए 'कवच' नामक सुरक्षा प्रणाली का उपयोग शुरू हो चुका है और धीरे-धीरे इसका दायरा बढ़ाया जा रहा है लेकिन तमाम छोटी-बड़ी रेल दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। रेल दुर्घटनाओं पर लगाम नहीं लग पाने का बहुत बड़ा कारण है रेल पटरियों की जर्जर हालत, जिन पर सरपट दौड़ती रेलें कब किस जगह बड़े हादसे का शिकार हो जाएं, कहना मुश्किल है। एक तरफ जहां बूढ़ी हो चुकी जर्जर पटरियों पर जवान ट्रेनें सरपट दौड़ रही हैं, वहीं देशभर में लगभग सभी स्थानों पर पटरियां अपनी क्षमता से कई गुना ज्यादा बोझ ढ़ो रही हैं। रेलवे ट्रैकों पर बोझ लगातार बढ़ रहा है। भारतीय रेलवे के कुल 1219 रेलखंडों में से करीब 40 फीसदी पर ट्रेनों का जरूरत से ज्यादा बोझ है। एक रिपोर्ट के मुताबकि 247 रेलखंडों में से करीब 65 फीसदी तो अपनी क्षमता से 100 फीसदी से भी अधिक बोझ ढ़ोने को मजबूर हैं और कुछ रेलखंडों में पटरियों की कुल क्षमता से 220 फीसदी तक ज्यादा ट्रेनों को चलाया जाता रहा है। इस वजह से भी अनेक वीभत्स हादसे होने के बाद भी रेल तंत्र इस ओर से आंखें मूंदे रहा है।

रेलवे की स्थायी समिति द्वारा अपनी सुरक्षा रिपोर्ट में स्पष्ट किया जा चुका है कि वर्ष 1950 से 2016 के बीच दैनिक रेल यात्रियों में जहां 1344 फीसदी की वृद्धि हुई, वहीं माल ढुलाई में 1642 फीसदी की बढ़ोतरी हुई लेकिन इसके विपरीत रेलवे ट्रैक का विस्तार महज 23 फीसदी ही हो सका। वर्ष 2000 से 2016 के बीच दैनिक यात्री ट्रेनों की संख्या में भी करीब 23 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। यात्री रेलों के अलावा मालगाड़ियों की भी बात करें तो अधिकांश मालगाड़ियां भी ट्रैकों पर उनकी क्षमता से कहीं अधिक भार लिए दौड़ रही हैं। रेल नियमावली के अनुमार मौजूदा ट्रैक पर 4800 से 5000 टन भार की मालगाड़ियां ही चलाई जा सकती हैं लेकिन पिछले कई वर्षों से सभी ट्रैकों पर 5200 से 5500 टन भार के साथ मालगाड़ियां दौड़ रही हैं। हालांकि कैग की एक रिपोर्ट में ओवरलोडेड मालगाड़ियों के परिचालन पर आपत्ति जताते हुए उन पर प्रतिबंध लगाने का सुझाव दिया था किन्तु कमाई के फेर में रेलवे द्वारा कैग के इन महत्वपूर्ण सुझावों को रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया। बेहतर होगा, रेल तंत्र पटरियों पर दौड़ती मौत रूपी भारतीय रेल के सफर को सुरक्षित बनाने की दिशा में शीघ्रातिशीघ्र कारगर कदम उठाए और रेलों में यात्रियों की सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम हों।

## सबसे अच्छा सखा है ज्ञान

आत्मा ही आनन्द का स्वरूप है। किसी भी सुखद अनुभूति में तुम आंखे मूंद लेते हो। जैसे जब किसी फूल को सूंघते हो, कोई स्वादिष्ट खाना चखते हो या किसी वस्तु को स्पर्श करते हो। दुख का केवल यही अर्थ है कि तुम अपरिवर्तनशील आत्मा पर केन्द्रित होने के बदले विषयवस्तु में फंसे हो, जो परिवर्तनशील है। सभी इन्द्रियां केवल डाइविंग बोर्ड की भांति हैं जो तुम्हें वापस आत्मा तक पहुंचाती हैं। स-खा का अर्थ है वह ही इन्द्रिय है। सखा वह है जो तुम्हारी इन्द्रिय बन गया है, जो तुम्हारी इन्द्रिय ही है। यदि तुम मेरी इन्द्रिय हो, इसका मतलब तुम्हारे द्वारा मुझे ज्ञान मिलता है, तुम मेरी छठी इन्द्रिय हो। जैसे मैं अपने मन पर विश्वास करता हूं, वैसे ही मैं तुम पर विश्वास करता हूं। एक मित्र केवल इन्द्रिय-विषय हो सकता है, परन्तु सखा स्वयं इन्द्रिय बन जाता है। सखा वह साथ है जो सुख और दुःख, दोनों अनुभवों में साथ रहता है। सखा वह है जो तुम्हें आत्म स्थित करता है, यदि तुम किसी विषय वस्तु में फंसे हो। जो ज्ञान तुम्हें वापस आत्मा की ओर लाता है, वही सखा है। ज्ञान तुम्हारा साथी है और गुरु केवल ज्ञान के प्रतिरूप हैं। सखा का अर्थ है, वह मेरी इन्द्रियां हैं। मैं संसार को उसी ज्ञान के द्वारा, उनके माध्यम से देखता हूं। यदि तुम्हारी सोच देवी है, तो तुम समस्त संसार को दिव्य दृष्टि से देखोगे। कुछ वर्षों में तुम्हारा मस्तक मिट्टी में होगा, जीते जी तो अपना सर कीचड़ से मत भरो। मेरा पीछा न करो। वास्तव में तुम मेरा पीछा कर भी नहीं सकते, क्योंकि मैं तो तुम्हारे पीछे हूं, तुमको आगे ठेलने के लिए। तुम्हें सब-कुछ पीछे छोड़ देना है और आगे बढ़ना है। सब कुछ तुम्हारे सभी अनुभव, तुम्हारे नाते-रिश्ते-भूत काल के हिस्से हैं। सब-कुछ छोड़ दो। अपनी स्मृतियों के सम्पूर्ण संसार को पीछे छोड़ दो।

## 'हिन्द की चादर' गुरू तेग बहादुर

**योगेश कुमार गोयल**

**(गुरू तेग बहादुर के प्रकाश पर्व पर विशेष)**

सिखों के 8वें गुरू हरिकृष्ण राय की अकाल मृत्यु हो जाने के बाद तेग बहादुर को नवां गुरू बनाया गया था, जिनके जीवन का प्रथम दर्शन ही यही था कि धर्म का मार्ग सत्य और विजय का मार्ग है। सिखों के नवें गुरू तेग बहादुर सदैव सिख धर्म मानने वाले और सच्चाई की राह पर चलने वाले लोगों के बीच रहा करते थे, जिन्होंने न केवल धर्म की रक्षा की बल्कि देश में धार्मिक आजादी का मार्ग भी प्रशस्त किया। 1 अप्रैल 1621 को माता नानकी की कोख से जन्मे तेग बहादुर ने धर्म और आदर्शों की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। धार्मिक स्वतंत्रता के पक्षधर रहे गुरू तेग बहादुर के प्रकाश पर्व के अवसर पर 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाल किले से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। गुरू तेग बहादुर ने हिन्दुओं तथा कश्मीरी पंडितों की मदद कर उनके धर्म की रक्षा करते हुए अपने प्राण गंवाए थे। उन्होंने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए अपनी कुर्बानी दी, इसीलिए उन्हें 'हिन्द की चादर' कहा जाता है।

क्रूर मुगल शासक औरंगजेब ने गुरू तेग बहादुर को हिन्दुओं की मदद करने और इस्लाम नहीं अपनाने के कारण मौत की सजा सुनाई थी और उनका सिर कलम करा दिया था। उस आततायी और धर्मान्ध मुगल शासक की धर्म विरोधी तथा वैचारिक स्वतंत्रता का दमन करने वाली नीतियों के विरूद्ध गुरू तेग बहादुर का बलिदान एक अभूतपूर्व ऐतिहासिक घटना थी। विश्व इतिहास में धर्म एवं मानवीय मूल्यों, आदर्शों एवं सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों में गुरू तेग बहादुर का स्थान अद्वितीय है और एक धर्म रक्षक के रूप में उनके महान् बलिदानों को समूचा विश्व कदापि नहीं भूल सकता। उस समय औरंगजेब ने आदेश पारित किया था कि राजकीय कार्यों में किसी भी उच्च पद पर किसी हिन्दू की नियुक्ति नहीं की जाए और हिन्दुओं पर 'जजिया' (कर) लगा दिया जाए। हिन्दुओं पर लगातार बढ़ते अत्याचारों और भारी-भरकम नए-नए कर लाद दिए जाने से भयभीत बहुत सारे हिन्दुओं ने उस दौर में धर्म परिवर्तन कराकर मजबूरन इस्लाम धर्म अपना लिया।

औरंगजेब के अत्याचारों के उस दौर में कश्मीर के कुछ पंडित गुरू तेग बहादुर के पास पहुंचे और उन्हें अपने ऊपर हो रहे जुल्मों की दास्तान सुनाई। गुरू जी ने उनकी पीड़ा सुनने के बाद मुस्कराते हुए कहा कि तुम लोग बादशाह से जाकर कहो कि हमारा पीर तेग बहादुर है, अगर वह मुसलमान हो जाए तो हम सभी इस्लाम स्वीकार कर लेंगे। कश्मीरी पंडितों ने कश्मीर के सूबेदार शेर अफगन के मार्फत यह संदेश औरंगजेब तक पहुंचाया तो औरंगजेब बिफर उठा। उसने गुरू तेग बहादुर को दिल्ली बुलाकर उनके परम प्रिय शिष्यों मतिदास, दयालदास और सतीदास के साथ बंदी बना लिया और तीनों शिष्यों से कहा कि अगर तुम लोग इस्लाम धर्म कबूल नहीं करोगे तो कत्ल कर दिए जाओगे। भाई मतिदास ने जवाब दिया कि शरीर तो नश्वर है और आत्मा का कभी कत्ल नहीं हो सकता। यह सुनकर औरंगजेब ने मतिदास को जिंदा ही आरे से चीर देने का हुक्म दिया। औरंगजेब के फरमान पर जल्लादों ने भाई मतिदास को दो तख्तों के बीच एक शिकंजे में बाधकर उनके सिर पर आरा रखकर आरे से चीर दिया और उनकी बोटी-बोटी काट दी लेकिन जब भाई मतिदास को आरे से चीरा जाने लगा, तब भी वे भयभीत हुए बिना 'श्री जपुजी साहिब' का पाठ करते रहे। अगली बारी थी भाई दयालदास की लेकिन उन्होंने भी जब दो टूक लहजे में इस्लाम धर्म कबूल करने से इन्कार कर दिया तो औरंगजेब ने उन्हें गर्म तेल के कड़ाह में डालकर उबालने का हुक्म दिया। सैनिकों ने उसके हुक्म पर उनके हाथ-पैर बांधकर उबलते हुए तेल के कड़ाह में डालकर उन्हें बड़ी दर्दनाक मौत दी लेकिन भाई दयालदास भी अपने अंतिम श्वांस तक 'श्री जपुजी साहिब' का पाठ करते रहे। अगली बारी थी भाई सतीदास की लेकिन उन्होंने भी दृढ़ता से औरंगजेब का इस्लाम धर्म अपनाने का फरमान ठुकरा दिया तो उस आततायी क्रूर मुगल शासक ने दरिंदगी की सारी हदें पार करते हुए उन्हें कपास से लपेटकर जिंदा जला देने का हुक्म दिया। भाई सतीदास का शरीर धू-धूकर जलने लगा लेकिन वे भी निरंतर 'श्री जपुजी साहिब' का पाठ करते रहे। 22 नवम्बर 1675 के दिन औरंगजेब के आदेश पर काजी ने गुरू तेग बहादुर से कहा कि तुम्हारे सामने तीन ही रास्ते हैं, पहला, इस्लाम कबूल कर लो, दूसरा, करामात दिखाओ और तीसरा, मरने के लिए तैयार हो जाओ।

# विश्व रचनात्मकता और नवाचार दिवस

### सूडोकु नवताल- 6047

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -6046 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

विश्व समुदाय का मानना है कि रचनात्मकता ही विश्व की सबसे अनमोल निधि है। जिसके सहारे हम अपनी सतत विकास की रफ्तार को बनाए रख सकते हैं। हिंसा और वैमनस्य के दौर में रचनात्मकता ही है जो विश्व को आगे बढ़ने की प्रेरणा दे सकती है।

हर साल 21 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से रचना रचनात्मकता एवं नवाचार को समर्पित किया गया है। इस दिवस का उद्देश्य विश्व भर में रचनात्मकता की संस्कृति को बनाए रखना है। विश्व समुदाय का मानना है कि रचनात्मकता ही विश्व की सबसे अनमोल निधि है। जिसके सहारे हम अपनी सतत विकास की रफ्तार को बनाए रख सकते हैं। हिंसा और वैमनस्य के दौर में रचनात्मकता ही है जो विश्व को आगे बढ़ने की प्रेरणा दे सकती है। इस रचनात्मकता की शुरूआत घर से ही होती है। होनी भी चाहिए। मिट्टी, रंग, कपड़ा, कागज, पेड़ ज. वह कुछ भी जिसे हम आप देख सकते हैं, छू सकते हैं रचनात्मकता के सांचे में ढल कर और सुंदर हो जाता है। सबसे ज्यादा जरूरी है कि बच्चों में यह रचनात्मकता बनी रहे। इसके लिए आप इन टिप्स को फॉलो कर सकते हैं। बच्चे के रचनात्मक विकास के लिए ज़रूरी है कि अपने मन का काम करते समय उसे टोका न जाए और न ही गाइड किया जाए। टोका-टाकी और ज़्यादा सुझाव उसकी कल्पनाशक्ति को प्रभावित करते हैं।

**क्यों जरूरी है रचनात्मकता:** किसी भी बच्चे के सतत विकास के लिए



रचनात्मकता का होना बहुत जरूरी है। इसे इस तरह भी कहा जा सकता है कि बच्चे की रचनात्मकता ही उसके विकास का संकेत देती है। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बच्चे ही इसमें बेहतर योगदान कर सकते हैं। पर कई बार पेरेंट्स और टीचर्स की गलती से बच्चों की यह रचनात्मकता बाधित होती है। बच्चे के रचनात्मक विकास के लिए ज़रूरी है कि अपने मन का काम करते समय उसे टोका न जाए और न ही गाइड किया जाए। टोका-टाकी और ज़्यादा सुझाव उसकी कल्पनाशक्ति को प्रभावित करते हैं।

**खुद तय करने दें:** आपकी भूमिका बच्चे को सिर्फ़ सामान ख़रीदकर देने तक होनी चाहिए। अगर उसे ड्रॉइंग करने में मज़ा आता है तो पेंसिल-रबर, ड्रॉइंग बुक, स्केचपैन, पेंसिल कलर, आदि उसे ख़रीद कर दें। लिखने में रुचि है तो अच्छी किताबें ला कर दें। वह जो करना चाहता है उसे करने दें। जब हम बच्चों को बहुत ज्यादा गाइड करने लगते हैं तो अनजाने ही हम उसकी रचनात्मकता का रास्ता रोक देते हैं। बच्चों की रचनात्मकता के लिए ये दीवारें कैनवास का काम करती हैं। उसे उसमें अपने मन के रंग भरने दें।

**दीवारें हैं रचनात्मकता का कैनवास:** कुछ बच्चे काग़ज़ पर लिखने या ड्रॉइंग करने के बजाय दीवार पर लिखते या ड्रॉइंग करते हैं। अगर आपका बच्चा भी दीवार पर अपनी रचनात्मकता उकेरने में आनंद महसूस करता है, तो दीवार ख़राब होने या दोबारा पेंट कराने पर होने वाले ख़र्च की वजह से उसे रोकें नहीं। बच्चों की रचनात्मकता के लिए ये दीवारें कैनवास का काम करती हैं। उसे उसमें अपने मन के रंग भरने दें।

**सीमाएं निर्धारित न करें:** जब हम अपनी तरफ से बच्चे को कोई टॉपिक या आइडिया देते हैं तो हम उसे सीमाओं में बांध देते हैं। इस तरह उसकी सोच का दायरा सिकुड़ जाएगा। अगर बच्चा खुद आपसे मदद मांगे तो सीधे तौर पर मदद करने के बजाय उससे बात करें। जैसे अगर बच्चा पूछे कि गुलाब के फूल में कौन-सा रंग भरे तो उसे सीधे गाइड करने के बजाय घर या स्कूल के गार्डन में लगे फूलों के बारे में उससे बात करें। बातों में उसे बताएं कि किस फूल में लाल, किसमें गुलाबी, किसमें पीला रंग भरते हैं। कुछ ही देर में उसके दिमाग़ में खुद आइडिया आ जाएगा और वह बातचीत बीच में छोड़ कर अपने बनाए फूल में रंग भरने लग जाएगा।

## (गुणकारी व् संतुलित सेवन) नमक सेवन सम्हलकर करे

**अरविन्द प्रेमचंद जैन**

आजकल हमारे स्वास्थ्य के गड़बड़ होने में अनचाही साम्रगी का सेवन करना ,जी हा,जैसे बाजार का नमकीन ,चाट ,रेडीमेड वेफर्स ,पिज्जा ,बर्गर ,आदि खाद्य पदार्थ जो वर्तमान में नियमित रूप से सेवन किया जाता हैं जो हमारे लिए नुक्सानदायक होता हैं पर हम जिव्हा के लालच वश सब खाते हैं ।होटल में नियमित खाना खाना आपकी सेहत के लिए हानिकारक के साथ गंभीर बीमारियों को आमंत्रण देना भी हैं ।निर्णय आपका हैं ।

नमक की पर्याप्त मात्रा शरीर के लिए आवश्यक होती है इसलिए वयस्कों को दिन में कम से कम 5 -6 ग्राम नमक खाना चाहिए। यह लगभग एक चम्मच के बराबर होता है।

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नमक पोषक तत्व का कार्य करता है, लेकिन हाई बीपी से ग्रसित लोगों को डॉक्टर द्वारा नमक से परहेज करने को कहा जाता है। नमक के ज्यादा सेवन को लेकर सबकी धारणाएं अलग अलग हो सकती हैं। दरअसल, नमक एक प्राकृतिक खनिज है, जो सोडियम और क्लोरीन से भरपूर होता है। इसमें सोडियम की मात्रा 40त्न और क्लोरीन की मात्रा 60त्न होती है। यह दोनों ही तत्व शरीर के लिए आवश्यक होते हैं। जब शरीर में नमक की कमी हो जाती है, तो ऐसे मरीज को लो ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। इसके अतिरिक्त दिल की मांसपेशियां और शरीर का पाचन तंत्र भी गड़बड़ा सकता है।

नमक की सही मात्रा का सेवन है जरूरी

नमक की पर्याप्त मात्रा शरीर के लिए आवश्यक होती है इसलिए वयस्कों को दिन में कम से कम 6 ग्राम नमक खाना चाहिए। यह लगभग एक चम्मच के बराबर होता है। वही 1 से 3 साल के बच्चों को 1 दिन में 2 ग्राम नमक दिया जाना चाहिए और 4 से 6 साल के बच्चों को दिन में 3 ग्राम नमक की आवश्यकता होती है। 7 से 10 साल के बच्चों को 1 दिन में 5 ग्राम नमक खाना चाहिए और 11 साल से अधिक उम्र वालों को दिन में 6 ग्राम नमक जरूर खाना चाहिए। जिनमें नमक की कमी होती है, उन्हें अक्सर सिरदर्द, पेट में ऐंठन, मांसपेशियों में कमजोरी, चिड़चिड़ापन, दस्त या कब्ज लगना, दिल की धड़कन का तेज होना और शरीर में सुस्ती और थकान महसूस होती है। नमक की कमी होने पर यदि इसका तत्काल इलाज नहीं किया गया, तो रोगी को मस्तिष्क में सूजन या मस्तिष्क को अन्य नुकसान भी हो सकता है।

# कलेक्टर एवं जिला सीईओ ने कैलारस तथा पहाड़गढ़ विकासखण्डों के 7 ग्रामों का भ्रमण किया



### अमृत सरोवर योजना के तहत जिले में 106 तालाव 15 जून तक पूर्ण करायें

**मुरैना।** शासन की मंशा के अनुरूप अमृत सरोवर योजना के तहत मुरैना जिले में 100 तालावों का निर्माण किया जाना है। इसके विरूद्ध कलेक्टर श्री कार्तिकेयन ने 106 तालावों के निर्माण कार्य शुरू करायें है। इसके लिये कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने कैलारस और पहाड़गढ़ विकासखण्डों के लगभग 7 ग्रामों का भ्रमण कर चल रहे निर्माण कार्य एवं स्वीकृत हुये तालावों का अवलोकन किया। इसके अलावा उन्होंने पीएचई विभाग द्वारा गांव-गांव बनायी जा रही नल-जल योजनाओं का लभ अवलोकन किया। भ्रमण के समय जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह, एसडीएम जौरा विनोद सिंह, अतिरिक्त जिला पंचायत के सीईओ आरके गोस्वामी, कैलारस जनपद सीईओ ईश्वरदास सहित एपीओ तिलक सिंह कुशवाह एवं कमल यादव उपस्थित थे।

कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने पहाड़गढ़ विकासखण्ड ग्राम धूरकू.डा, रानीपुरा, टेलरी, मानपुर, कन्हार, अगरौता और कैलारस विकासखण्ड के ग्राम बिलगांव में पहुंचकर चल रहे अमृत योजना के तालावों का अवलोकन किया। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि जिले में 106 तालावों का निर्माण 15 जून 2022 तक पूर्ण किया जाना है, जो कार्य प्रारंभ हो चुके है, वे शीघ्र पूर्ण किये जायें और जो कार्य अप्रारंभ है, उन कार्यो को जल्द प्रारंभ करें। कलेक्टर ने कहा कि तालाव निर्माण करते समय यह सुनिश्चित किया जाये कि तालाव में स्टेक्चर बनाते समय पानी का बहाव तालाव की ओर हो तालाव में पानी रूकें ऐसी श्रृंखला चयनित की जाये। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने पीएचई विभाग द्वारा ग्राम धूरकूड़ा और रानीपुरा में नल-जल योजना का अवलोकन किया। कलेक्टर ने ग्राम टेलरी में नरेगा द्वारा सामुदायिक वृक्षारोपण का अवलोकन किया, जिसकी उन्होंने भूरि-भूरि प्रशंसा की। वहीं अमृत सरोवर के तहत चल रहे तालाव निर्माण का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने ग्राम मानपुर में पानी की टंकी का अवलोकन किया। वहीं नरेगा द्वारा बनाये गये स्टॉपडेम स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित कार्यो का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कैलारस विकासखण्ड के ग्राम बिलगांव और अगरौता में अमृत सरोवर तालाव का निरीक्षण किया।

### कलेक्टर ने पहाड़गढ़ तहसील में अधिकारियों की बैठक ली

कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने तहसील पहाड़गढ़ में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान जनपद सीईओ पहाड़गढ़ को निर्देश दिये कि कचरा संग्रहण का प्लान तैयार किया जाये। जिससे कस्बे में साफ-सफाई दिखे।

### ग्राम अगरौता में अमृत सरोवर का भूमिपूजन किया

कलेक्टर बी.कार्तिकेयन, जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह बुधवार को ग्राम पहाड़गढ़ विकासखण्ड के ग्राम अगरौता पहुंचे, जहां 24 लाख रूपये की लागत से जलाभिषक अभियान के तहत तालाव का भूमिपूजन किया जा रहा था। वहीं ग्रामीणों द्वारा श्रमदान भी किया जा रहा था। इस दौरान कलेक्टर ने भी फाबड़ा चलाकर तालाव का भूमिपूजन कर कार्य शुभारंभ किया।



## भारतीय जनता युवा मोर्चा जौरा द्वारा मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

**जौरा।** भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी प्रदेशाध्यक्ष बी डी शर्मा के एवं युवा मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ योगेश पाल गुप्ता, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सोनू परमार के निर्देशानुसार मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता, भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सोनू त्यागी के नेतृत्व में भाजयुमो जौरा द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव शहीद स्मारक तिकोनिया पार्क पर साफ-सफाई कर एवं राष्ट्रपति महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व मंडल अध्यक्ष शगुन चंद जैन, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष आसाराम कुशवाहा, आशू सिकरवार महदेवा, अथर्व मिश्रा, बादल गुप्ता, अंकित सिकरवार, रोहित भदौरिया, अनुज दुबे, अनुज श्रीवास्तव, अंकित जादौन, रवि राणा, मोनू प्रजापति, अमित धाकड़, पंकज गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

## आयुष्मान भारत निरामय योजना से बच्चेदानी का ऑपरेशन कराकर लीलावती खुश

**मुरैना।** आयुष्मान भारत निरामय योजना से बच्चेदानी का ऑपरेशन कराके श्रीमती लीलावती बहुत खुश है। श्रीमती लीलावती का कहना है कि मेरे घर से एक भी पैसा नहीं लगा, सरकार ने दिये आयुष्मान भारत कार्ड के खर्च से ही ऑपरेशन हो गया। गणेशपुरा मुरैना निवासी 30 वर्षीय श्रीमती लीलावती पत्नि रामज्ञान कुशवाह ने बताया कि मेरे पेट में दर्द और रक्त स्त्राव की शिकायत कई साल से थी, कई जगह ईलाज कराया, लेकिन मुझे आराम नहीं मिला। फिर मुझे अल्ट्रसाउंड कराने की सलाह दी गई। अल्ट्रासाउंड में डॉक्टरों ने बच्चेदानी में गांठ बतायी एवं डॉक्टर ने बच्चेदानी निकलवाने की सलाह दी।

# खिडौरा मे शादी समारोह के दौरान हर्ष फायर करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

### लगुन फलदान में डांस पार्टी के दौरान किए थे हर्ष फायर, अब होंगे शस्त्र निलंबित




**मुरैना।** जिले में प्रशासन एवं पुलिस की तमाम सख्ती के बावजूद शादी समारोह में बंदूकों से हर्ष फायर करने का सिलसिला थम नहीं रहा है और आए दिन हर्ष फायर की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिसमें कभी-कभी गंभीर घटनाएं भी घटित हो जाती हैं। हाल ही में खिडोरा गांव में लड़के के लगून फलदान कार्यक्रम में बाहर से आई डांस पार्टी के बीच दर्जनों लोग बंदूक लहराते हुए हर्ष फायर कर रहे थे, जिसका वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और जब कोई रिपोर्ट दर्ज कराने नहीं आया तो पुलिस ने उपनिरीक्षक की रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया, वहीं पुलिस हर्ष फायर करने वालों की पहचान कर उनके शस्त्र लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई में जुट गई है। गौरतलब है कि 11 अप्रैल को .चिन्नौनी थाना क्षेत्र के ग्राम खिडोरा में सचिन सिंह सिकरवार पुत्र थान सिंह का लगुन फलदान कार्यक्रम आयोजित हुआ था, जिसमें बाहर से डांस पार्टी बुलाई गई थी और इस दौरान कुछ लोग स्टेज पर बंदूक लहराते हुए हर्ष फायर कर रहे थे तो कुछ लोग दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों के बीच बैठकर हर्ष फायर कर रहे थे, इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस सक्रिय हो गई और पुलिस ने उपनिरीक्षक आरएन शर्मा की रिपोर्ट पर से अज्ञात लोगों के विरुद्ध हर्ष फायर करने का मामला दर्ज किया ! पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी द्वारा इस मामले को गंभीरता पूर्वक लिया गया तथा थाना प्रभारी चिन्नौनी उनि अविनाश सिंह राठौर को उक्त कृत्य करने वाले आरोपीगणो के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीगणो के लाईसेंस निरस्त करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी ने थानसिंह सिकरवार के पुत्र सचिन सिकरवार के लगुन फलदान के कार्यक्रम के दौरान हर्ष फायर करने वाले आरोपीगणो के विरुद्ध थाना चिन्नौनी मे अपराध क्र. 63/22 धारा 336,147,148,149 ताहि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। इस मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि उनकी टीम द्वारा वायरल वीडियो के माध्यम से बंदूक लिए सभी लोगों की शिनाख्त की जा रही है।

## सबलगढ़ पुलिस ने लूट के तीन आरोपियों को दबोचा

**मुरैना।** सबलगढ़ थाना क्षेत्र 6 सितंबर 2021 को एक युवक से बाइक, 12 हजार रुपए नगदी तथा एक मोबाइल लूट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लूट का माल बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गंभीर घटनाओं को ट्रेस करने के लिए चलाई जा रही मुहिम के तहत सबलगढ़ थाना प्रभारी केके सिंह ने उक्त लूट का खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा उनके कब्जे से लूटी गई मोटरसाइकिल, विवो टच मोबाइल एवं 12 हजार रुपए नगद बरामद किए हैं । गौरतलब है कि अतुल हरदेनिया पुत्र पुरुषोत्तम हरदेनिया 20 वर्ष निवासी देवी मंदिर गली सबलगढ़ ने 6 सितंबर 2021 को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि कैलारस से मार्केटिंग का काम कर वह वापस अपने घर जा रहा था, तब रात्रि 8:15 बजे पीपल वाली चौकी एमएस रोड को क्रॉस करते ही एक सफेद रंग की अपाचे मोटरसाइकिल पर नकाबपोश 3 अज्ञात बदमाशों ने उसे रोक लिया और बाइक, मोबाइल एवं नकदी रुपए लूट कर भाग निकले। पुलिस ने अतुल की रिपोर्ट पर से लूट डकैती का प्रकरण दर्ज किया था। आरोपियों को गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक राजेश कुमार गर्ग, साइबर सेल प्रभारी सचिन पटेल, आरक्षक अजीत सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।






## भाजपा युवा मोर्चा ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया परिजनों का सम्मान

**सबलगढ।** आजादी का अमृत महोत्सव पर भाजपा युवा मोर्चा ने भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. योगेश पाल गुप्ता, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनू परमार के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा नगर मंडल सबलगढ़ के अध्यक्ष सुनील कुशवाहा संयोजन में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व परिजनों का सम्मान कर मनाया। इस दौरान बीटीआई स्कूल परिसर में शहीद यशवीर सिंह जादौन भटपुरा वाले सबलगढ़ की प्रतिमा पर सफाई कर माल्यार्पण किया व उनकी माँ को शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया। इसी क्रम में शहीद द्वारिका सिंह जादौन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनकी पत्नी को शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सरला रावत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र मरैया, वरिष्ठ भाजपा नेता अजब सिंह सिकरवार, नगर मंडल अध्यक्ष अवधेश गोयल, जिला मंत्री संजय पाराशर, विजेंद्र रावत, शरद पाराशर, महामंत्री पवन राठौर, जिला मंत्री मोहन पचौरी, लवलेश शर्मा, कार्यालय मंत्री अरविंद मंगल, धीरा रावत, लाला जादौन, भूपेंद्र मरैया, प्रफुल्ल पलिया, हिमांशु, रिंकू कुशवाह एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# पूर्व व वर्तमान सैनिकों ने पलायन के लिए सीएम के नाम दिया ज्ञापन



**मुरैना।** विगत दिनों महाराजपुरा क्षेत्र में हुई पथराव की घटना के बाद क्षत्रिय समाज के लोगों ने मुरैना से पलायन करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम मुरैना को ज्ञापन देकर पलायन की अनुमति मांगी है। ज्ञापन देने वाले पूर्व सैनिक संघ के मनोज परमार, अरविंद सिकरवार, दिलीप सिकरवार, जागेश् तोमर के घरों पर 16 अप्रैल को आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने दिनदहाड़े पथराव एवं फायरिंग की, जिससे वहां असुरक्षा का माहौल निर्मित हो गया है। ज्ञापन में बताया कि पूर्व सैनिक एवं ऑन सर्विस वाले सभी सैनिक साथियों में इस घटना से भय व्याप्त है और उनका परिवार असुरक्षित महसूस कर रहा है। ऐसी स्थिति में न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में निवास करना उनके लिए सुरक्षित नहीं हैं। चंबल पूर्व सैनिक संघ जिला मुरैना द्वारा बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम एसडीएम मुरैना को ज्ञापन देकर पलायन की अनुमति मांगी गई है। पूर्व सैनिकों ने बताया कि इस क्षेत्र में उनके 100 से अधिक परिवार निवास करते हैं और 16 अप्रैल को उनके घरों में तोड़फोड़ की गई तथा प्रशासन दबाव में आकर कार्रवाई नहीं कर रहा है। गत मंगलवार को भी हमलावरों द्वारा उनके प्रति गाली-गलौज का वीडियो वायरल किया गया, जिसे पुलिस अधिकारियों को दिखाया गया है।

### दो हमलावर पुलिस ने पकड़े

16 अप्रैल को मामूली बात पर हुए विवाद के बाद यादव समाज के लोगों द्वारा क्षत्रिय समाज के घरों में की गई तोड़फोड़ पथराव का मामला सिविल लाइन थाना पुलिस ने दर्ज किया था और कई नामजद आरोपियों के खिलाफ एफ आई आर की गई थी। जिसमें से दो आरोपी गंधर्व यादव, मुरारी यादव को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया है।

# राष्ट्र को जरूरत है, राम और कृष्ण के चरित्र की: देवी संध्या जी भागवताचार्य

**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** धर्म, समाज में संस्कार, संस्कृति, सेवा, सहयोग और समर्पण को जगाने और बढ़ाने वाला है। दूसरी ओर धर्म ही सामाजिक विकृतियों, कुसंस्कारों, अमर्यादित, उच्छृंखल जीवन चरित्रों को अंकुश करने में समर्थ है। आज परिवार, समाज, राष्ट्र में प्रेम अगर कहीं जिंदा है तो धर्म से है। सहयोग की भावना जिंदा है, तो धर्म से है। संस्कार जिंदा है, तो धर्म से है। संस्कृति जिंदा है तो धर्म से है, सेवा जिंदा है तो धर्म से है। समर्पण जिंदा है तो वह भी धर्म से ही है। धर्म गंगोत्री है, इन श्रेष्ठ गुणों के प्रवाह की। धर्म ही तो नींव है, जो जीवन में इन गुणों को खड़ा होने का आधार देता है। जिस धर्म ने परिवारों को, समाज को, व्यक्ति को और राष्ट्र को इतना सब कुछ दिया है, और बहुत कुछ देने में समर्थ है, पर आज अपने व्यक्तिगत स्वार्थपूर्ति और सुविधाओं को पाने की होड़ में क्या हम भूल नहीं रहे कि इस होड़ में हमने धर्म को भुला दिया है या भुलाते जा रहे हैं।

अपने जीवन में सुविधाओं को पाने के लिए हम सारा जीवन कोल्हू के बैल की तरह लगे रहते हैं और हम मात्र सुविधाओं को सुख के रुप में देखते हैं या मात्र सुविधाओं में ही सुख का भ्रम पाल लेते है कि सुविधाओं में ही सुख है, उस भूल में सारा जीवन खपा देते हैं। उनके घरों में झांककर देखो तो सुविधायें बहुत हैं ।पर उनके दिलों में झांककर देखो तो दुख बहुत है। सुख वहीं है उन हृदयों में, उन परिवारों में, उस समाज में जहां धर्म के लिए सेवा भावना जिंदा है। जहां धर्म के लिए उत्साह जिंदा है, जहां धर्म के लिए समर्पण जिंदा है, जहां धर्म के लिए कर्मठता व प्रयास किया जाता है। जहां धर्म को मात्र सिर झुकाने ओर घंटे बजाने तक सीमित नहीं किया गया अपितु जहां समय, सम्पत्ति और शक्ति को धर्म से, धर्म की भावना ओर प्रयासों से, सत्प्रयोजनाओं से जोड़े रखा गया है। अगर धर्म के लिए सहयोग, सेवा और समर्पण की भावना नहीं रहेगी, तो हमारी धार्मिकता श्मशान की शांति में परिवर्तित हो जायेगी। धर्म को आज सत् कर्म की जरुरत हैं, अगर धर्म-कर्म को करने वाले नहीं रहेगे तो धर्म बंजर हो जायेगा।

देवी संध्या जी का कहना है कि आज व्यक्ति, समाज और राष्ट्र को जरुरत है, राम और कृष्ण के चरित्र की । रामचरित्र के रुप में रामायण श्रीराम कथा हमारी मर्यादाओं और संस्कृति की रक्षक है। श्रीमद् भागवत के रुप में कृष्ण चरित्र हमारे धर्म और नीति का रक्षक है। मर्यादा, संस्कृति, धर्म और नीति के आधार श्रीमद् भागवत कथा श्री रामकथा, श्रीमद् देवी भागवत, शिवपुराण कथा एवं यज्ञों के माध्यम से सुहृदय जनों को जोड़ते हुए प्रेम, सौहाद्र, धर्म भावना जागृत करने में मैं अपनी ओर से धर्म के लिए समाज के लिए जो कुछ भी कर पा रही हूं, उसमें धर्म के लिए अपने इस आकिंचन योगदान से मैं आहलादित हूँ। मैं आपसे भी कहूँगी कि अगर आप भी थोड़ा सा सहयोग धर्मोत्थान की भावना और प्रयास के इन अंकुरों को सिंचित करने में करेंगे तो आपको भी अपने ऊपर और अपने दिल में जिंदा धर्म के संस्कार पर,

**प्रसंगवश के दौरान देवी संध्या ने दिया धर्म उपदेश।**



धर्म और सत्योजनों के लिए कुछ करने और देने की उदार भावना पर गौरव महसूस होगा। इस उदारता से आप अपने खजाने में कमी नहीं बल्कि बढ़ोत्तरी पाऐंगे। वह सुखका खजाना हो या समृद्धि का, धन का हो या धर्म का। आपका देने का संस्कार, आपकी उदार सहयोग भावना परमात्मा का शुभाशीष बनकर आप और आपके परिवार पर निश्चय ही अनंत गुना बढ़कर लौटने वाला हो। धर्म के लिए आपका सहयोग समृद्धि का संवाहक बनकर आये। समय, सम्पत्ति और शक्ति का एक अंश फूल के रुप में जो धर्म के लिए इस पावन अभियान में समर्पित करेंगे तो निश्चय ही सुफल के रुप में दिव्य पुण्य के रुप में प्रभु प्रसाद उनकी अंजली में और उनकी झोली में होगा। मर्यादा, धर्म, संस्कृति, संस्कार के बोध के रुप में श्रीमद् भागवत और श्री राम कथा की जो अविरल धारा सतत् प्रवाहमान है, उसमें आपका साथ इस प्रवाह को गति देगा। यद्यपि आज समाज में धर्म की और भी उंगलियां उठाने वाले ओर आग उगलने वाले भी बहुत है। उसका कारण वे कुछेक स्वार्थी जन हैं, जिन्होंने धर्म को अपनी स्वार्थ परता, लोलुपता की पूर्ति का माध्यम बनाकर इस्तेमाल किया है। पर मेरी सोच ने हमेशा विशुद्ध धर्म को पूरी पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ाया और हमेशा इसी निश्छल भावना से आगे बढ़ाती रहूंगी। मेरे हृदय से जुड़ी धर्मोत्थान और विकास की निश्छल भावना में आप भी सादर आमंत्रित हैं। निश्छल, पारदर्शिता के साथ पावन मन से जब हम धर्म, संस्कृति के लिए कुछ करते हैं। पाखण्ड और प्रदर्शन से परे होकर अगर हमारा सत्प्रयास होगा तो वह निश्चल ही समाज में प्रभावना पैदा करेगा। समाज में श्रेष्ठ बदलाव लाने में सशक्त होगा।

दुनियाँ में समाज में जब भी कोई श्रेष्ठ कार्य के लिए कर्मठता, उत्साह और उमंग से आगे बढ़ता जाता है तो साथ देकर प्रोत्साहित करने वाले भी मिलते हैं और विद्वेष से हंसी कर हतोत्साहित करने वाले भी मिलते हैं। हनुमान जी जब राम कार्य के श्रेष्ठ अभियान में संलग्न हुए तो गले लगाने वाले भी मिले और गाली देनेवाले भी मिले। मैनाक और सुरसा ने जहां हनुमान जी को गले लगाया वहीं अपमान करने वाले राक्षस भी मिले जिन्होंने हनुमान जी की हंसाई की और प्रहार भी किये। रावण जैसे लोग हंसे ÷कपिहिं विलोकि दशानन विहँसा कहि दुर्बाद÷ निशाचरों ने चरण प्रहार किया% मारहि चरन करहिं बहु हाँसी ÷हँसाई भी की। तो जब हम हनुमान जी की तरह धर्मके लिए बढ़ते हैं, सच्चाई को पोषित करने के लिए समर्पित होते हैं तो दुर्जनों की हँसी भी हमें हतोत्साहित नहीं कर पाती बल्कि श्रेष्ठ अभियान ओर श्रेष्ठ कर्म में लगे हुए कदमों को और भी हौसला के साथ मजबूत बना देती है। लंकिनी की तरह हनुमान जी जैसे व्यक्तित्व पर उठी हुई उंगलियां भी %कि तूं चोर है%। हनुमान जी को निराश नहीं करती, अपितु कहीं न कहीं किसी न किसी रूप में उन्हें मार्गदर्शन ही कराती है। ÷प्रविसि नगर कीजे सब काजा÷ रावण का हँसना निशाचरों का प्रहार करना, लंकिनी का उँगली उठाना भी हनुमान जी को गिराता नहीं अपितु ÷कपि बढ़ि लाग अकास÷ उन्हें ऊपर ही उठाता है। उस हंसाई प्रहार, निंदा के बीच से होते हुए सच्चे अर्थों में धर्म के लिए खड़ा हुआ हनुमान जी का व्यक्तित्व दूसरों को भी धर्म की प्रेरणा देता है। विभीषण जैसे जनों के लिए भी हनुमान धर्म प्रेरक बनकर आगे बढ़ते चले गये। हनुमान जी गिरे नहीं बल्कि इतने ऊँचे उठ गये कि हर हंसने वाले, हर निंदा करने वाले, हर प्रहार करने वाले ने देखा कि ÷कपि बढ़ि लाग अकाश धर्म के लिए प्रयत्नशील ही नहीं प्रेरक भी बनें। अगर आपका प्रयोजन सच्चे अर्थों में पाखण्ड से परे, निष्ठा से सत्य और धर्म से जुड़ा है, तो आप अपने लक्ष्य को पा जायेंगे। श्रापों और शुभाशीषों को बटोरते हुए, हँसाईयों और हौसलाहफजाईयों के बीच से गुजरते हुए प्रयास यदि पावन है, तो प्रभु कृपा ÷लेते रहो, बढ़ते रहो÷ के रुप में निस्संदेह हमारे जीवन पर बरसती हुई दिखाई देगी। हृदय से पावन धर्म के लिए आपके सहयोग की हमेशा आकांक्षी रहूँगी।।

## नम फाउंडेशन का शुभारंभ में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत को किया सम्मानित



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूर** = बुधवार को सुबह नम काउंसलर फाउंडेशन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से मुख्य अतिथि मनोचिकित्सक डॉक्टर चंद्रशेखर महेंद्र मुणोत एवं डॉ मंजू नाथ ने नागरभावी क्षेत्र में किया इस फाउंडेशन का उद्देश्य तनाव से ग्रसित युवाओं को मोटिवेट करने के लिए कार्यशाला आयोजित करना।इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉक्टर मंजूनाथ ने मारूती मेडिकल के प्रमुख महेंद्र मुणोत को सम्मानित किया ।

## छात्र छात्राओं को तंबाकू एवं तंबाकू से निर्मित सामग्री का प्रयोग नहीं करने की दिलाई शपथ

**ब्यूरो चीफ जितेंद्र सिंह राजस्थान**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय khatupura के विद्यालय प्रांगण में आज विद्यालय के छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवचरण मीणा ने तंबाकू एवं तंबाकू से निर्मित सामग्री का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य शिवचरण मीणा ने तंबाकू का स्वास्थ्य के लिए नुकसान एवं होने वाली बीमारियों से अवगत करवाते हुए छात्रों को इसके प्रयोग से बचने की सलाह दी। इस अवसर पर व्याख्याता ओम प्रकाश मीणा, शारीरिक शिक्षक भागचंद सैनी, व्याख्याता इकबाल हुसैन, व्याख्याता प्रदीप जैन, श्रीमती संतरा मीणा, सुनीता शर्मा, राजेंद्र गर्ग, हर्ष लाल जैन, वेद कुमारी, अनिता कुमारी, जय चंद मीणा आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## नशे में धुत ड्राइवर ने कार ने चचेरे भाइयों के कुचला,एक की मौत, पुलिस ने आरोपी को छोड़ा

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



**लहार-** भिण्ड जिले आलमपुर के कृतिका मैरिज गार्डन में शराब के नशे में धुत ड्राइवर ने कार से मंगलवार रात चचेरे भाइयों को कुचल दिया।इसमें नौ वर्षीय अंकित पुत्र कौशल झा की मौके पर मौत हो गई।छह वर्षीय यश पुत्र रोहित झा के हाथ एवं पैरों में चोटें आई है।इसके बाद लोगों ने आरोपियों ड्रावर को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया,लेकिन पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया।आलमपुर पुलिस के लचर रवैए का लेकर आज बच्चों के परिजनों ने सड़क पर प्रदर्शन किया।लोगों ने मुख्य मार्ग पर थाने के सामने बच्चे के शव रखकर जाम लगा दिया।करीब चार घंटे जाम लगा रहा।इसके बाद नाराज भीड़ ने देभई तिराहे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली और कार-बाइक आड़ी लगाकर आलमपुर से आगे आने-जाने वाले सभी मार्ग बंद कर दिए।जिससे मुख्य मार्ग चारों तरफ पर लंबा जाम लग गया।आक्रोशित भीड़ ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की,परिजनों की सिर्फ एक ही मांग थी कि आरोपियों को छोड़ने के मामले में आलमपुर थाना प्रभारी संजीव तिवारी को निलंबित किया जाए।पुलिस थाने के सामने जाम लगने और स्थिति काबू से बाहर होने की सूचना के बाद मौके लहार तहसीलदार नवीन भारद्वाज और लहार स्ध्ह्क्क अवनीश बंसल भी पहुंचे।

### टीआई को लाइन अटैच करने पर माने

परिजनों से बात करनी चाही मगर आक्रोशित परिजन किसी से भी बात करने को तैयार नहीं हुए।कलेक्टर-एसपी को मौके पर बुलाने की बात पर अड़ गए।लहार स्ध्ह्क्क अवनीश बंसल द्वारा वरिष्ठ अधिकारीयों से चर्चा करने के बाद मामले में दोषी आलमपुर थाना प्रभारी को लाइन अटैच करने की बात परिजनों को बताई तब जाकर चार घंटे बाद जाम खुल सका।

### लहार तहसील के सभी थानों का बल रहा मौजूद

जाम के हालात बिगड़ते देख लहार स्ध्ह्क्क अवनीश बंसल ने दबोह थाना प्रभारी प्रमोद साहू,लहार थाना प्रभारी कुशल सिंह भदौरिया,रौन थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह,असवार थाना प्रभारी अभिषेक राय,रावतपुरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह सिकरवार,मिहोना थाना प्रभारी कमलकांत दुबे पूरे दलबल के साथ आलमपुर पहुंचे थे।

## भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भिंड द्वारा नगर में मनाया गया सामाजिक न्याय पखवाड़ा

**संतोष सिंह भदोरिया**
**दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़**

**भिण्ड/**भा .ज. पा .युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विक्रांतसिंह कुशवाह ने बताया कि हम सभी को ज्ञात है कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के द्वारा 7 अप्रैल से 20 अप्रैल 2022 तक सामाजिक न्याय पखवाड़ा मनाने का संकल्प लिया गया है इसी के अंतर्गत आज दिनांक 20 अप्रैल को भारतीय जनता युवा मोर्चा-भिण्ड द्वारा नगर में स्थापित स्वतन्त्रता सेनानी, क्रान्तिकारियों की मूर्तियों,महापुरुषों एवं शहीद स्मारक की साफ -सफाई कर माल्यार्पण कर मनाया । कार्यक्रम का प्रारंभिक केंद्र शहीद स्तंभ रहा शहीद स्तंभ पर कार्यकर्ताओं द्वारा सफाई-धुलाई कर इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा- सर्किट हाउस, शहीद भगत सिंह जी की प्रतिमा- किला गेट, महात्मा गांधी जी की प्रतिमा गोल मार्केट, लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा- शास्त्री चौराहा, मैथिलीशरण गुप्त जी की प्रतिमा- बस स्टैंड, सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा सुभाष तिराहा, दुर्गादास राठौर जी की प्रतिमा- भीम नगर चौराहा ,स्वामी विवेकानंद जी और विद्या की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा-जैन महाविद्यालय इन सभी स्थानों पर माल्यार्पण किया तदोपरान्त भिण्ड नगर में निवासरत स्वतंत्रता सैनानियों के परिवारजनों को पुष्पमाला पहनाकर शॉल श्रीफल भेंट किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजयुमो. जिलाध्यक्ष विक्रान्त सिंह कुशवाह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अतिराज सिंह नरवरिया द्वारा किया गया साथ ही सह जिला मीडिया प्रभारी अमित यादव राजीव मिश्रा,हरिकिशन चौधरी, दीपेश तोमर,लवकुश परिहार,गोपाल सोनी,प्रशांत राजपूत,अभिनव तोमर,अंकित शर्मा,रीतेश भदौरिया,उमेश शर्मा,सौरव पुलक आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## पक्षियों के पानी पीने के लिए स्वयंसेवक ने बनाए सकोर

**राकेश परिहार**
**9691338626**

**पिछोर,** जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर की छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर शिवपुरी के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने अपने-अपने घर बगीचे व महाविद्यालय परिसर में पेड़ों पर जल पात्र रखें और स्वयंसेवकों ने प्रतिदिन सकोरा में पानी डालने का संकल्प लिया और सभी को जागरूक होकर सहयोग करने की बात कही और नगर एवं गांव की छोटी-बड़ी छात्र छात्राओं को बढ़-चढ़कर सहयोग करने को कहा इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रचार डॉ एसएस गौतम के निर्देशन पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ कमल किशोर यादव के मार्गदर्शन में छात्र दल नायक दीपक पाल व सभी स्वयंसेवक सौम्या गर्ग श्रेया गुप्ता ललिता नेहा यादव कविता शर्मा अंजली यादव ईशा रितिक गुप्ता अमित अहिरवार आशीष महेंद्र अहिरवार आकाश यादव हार्दिक गुप्ता आदि स्वयं सेवकों ने सहभागिता दी

## मोहर सिंह केवट बने मछुआ फिशरमैन कांग्रेस बदरवास के ब्लॉक अध्यक्ष

**रन्नौद शिवपुरी**
**हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

भारतीय मध्यप्रदेश मछुआ फिशरमैन कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री सदाशिव भंवरिया जी के निर्देशानुसार प्रदेश महासचिव संजय रैकवार जी की अनुशंसा से शिवपुरी जिला अध्यक्ष करन सिंह बाथम जी के द्वारा मोहर सिंह केवट सेसई वालों को बदरवास ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है मोहर सिंह जी के अध्यक्ष नियुक्त होने पर उन्होंने कहा है कि मैं कांग्रेस की विचारधारा को जन जन तक पहुंच जाऊंगा एवं पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करता रहूंगा और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ जी एव सदाशिव भंवरिया जी के विचारों पर चलकर जनता के बीच में रहूंगा मोहर सिंह के ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर उनके तमाम मित्र सहपाठियों ने बधाइयां प्रेषित की बधाई देने वालों में परमाल बाथम, भूमा रैकवार जबलपुर, मुकेश केवट रन्नौद, राजपाल केवट अशोकनगर, रूप सिंह केवट चमराई, रामकृष्ण केवट ईसागढ़ ,राहुल बाथम ग्वालियर, करण सिंह बाथम जी जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी शिवपुरी, अमित राज केवट, केवट विवेक रैकवार करैरा, कमलकिशन कोलारस , तुलसीराम मांझी बदरवास, पवन बाथम जिला अध्यक्ष श्योपुर ,महेश केवट विदिशा बादी लोगों ने बधाइयां दी

# पुलिस द्वारा ट्रैक्टर चोरी करने वाले 01 आरोपी को किया गया गिरफ्तार

### आरोपी के कब्जे से चोरी गया महिंद्रा कंपनी का ट्रैक्टर कीमती करीब 03 लाख रूपये का बरामद

**जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**

**पन्ना** । घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 18/04/2022 को फरियादी ने थाना रैपुरा उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि मेरा महिंद्रा 265 डीआई ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 16 एसी 0164 श्री बिल्डप कंपनी के द्वारा रैपुरा मोहन्द्रा रोड में चल रहे डामरीकरण के काम में लगा था जो भरवारा मंडी के सामने बेयरहाउस के पास खड़ा करके डामर का काम करा रहा था रात करीब 08 बजे ट्रैक्टर जहाँ खड़ा था वहाँ ट्रैक्टर लेने गया तो ट्रैक्टर वहाँ नही था कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना रैपुरा में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध चोरी का अपराध क्रमांक 91/22 पंजीबद्ध किया जा कर विवेचना में लिया गया ।




### पुलिस द्वारा की गई कार्रवाही

थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक पाण्डेय द्वारा उपरोक्त घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह एवं अनु विभागीय अधिकारी पुलिस पवई श्री अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रैपुरा अभिषेक पाण्डेय के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित कर चोरी गए ट्रैक्टर की बरामदगी करने एवं अज्ञात आरोपी की तलाश कर गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार उक्त पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । दिनांक 20/04/ 2022 को मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा संदेही व्यक्ति के कब्जे से चोरी गया ट्रैक्टर कीमती करीब 03 लाख रूपये का आरोपी के मेमोरेंडम के आधार पर बरामद किया जाकर मामले के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है । विवेचना जारी है आरोपी से पूछताछ पर और भी अन्य जिलों की वारदातों के खुलासा होने की संभावना है।

### सराहनीय भूमिका

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी रैपुरा उपनिरीक्षक अभिषेक पाण्डेय स उनि डीपी कुशवाहा ,रामपाल शर्मा, जगदीश सिंह, प्रधान आरक्षक बाबू सिंह, आरक्षक ध्रुव सिंह, फेरन सिंह, गोविंद, प्रदीप सिंह, आलोक सिंह चालक आरक्षक प्रमोद प्रजापति एवं साइबर सेल पन्ना की सराहनीय भूमिका रही है । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम के कार्य की सराहना करते हुये उक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत करने की घोषणा की गई है ।

## शोक संदेश उठावनी



अत्यन्त दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्य माताजी श्रीमती शकुंतला त्रिवेदी

**पत्नी स्व. श्री कर्मबीर त्रिवेदी**

का स्वर्गवास दिनांक 19.04.2022 मंगलवार को हो गया है । जिनकी उठावती आज दिनांक 21.04. 2022 गुरुवार को सांयकाल 4 से 5 बजे निज निवास भारतीय विद्यालय के पास होगी ।

शोकाकुल महावीर त्रिवेदी (पुत्र), दिव्या शर्मा (पुत्री). नयनी त्रिवेदी (पुत्री), अर्चित त्रिवेदी (पौत्र), प्रतीक त्रिवेदी (पौत्र) गौतम त्रिवेदी (पौत्र) एवं समस्त त्रिवेदी परिवार।

# तीर्थ-दर्शन प्रभु भक्ति में मग्न होकर बीता तीर्थ यात्रियों का पहला दिन

## मंत्री सुश्री ठाकुर ने यात्रियों के साथ किया सुंदरकांड का पाठ



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना की पहली ट्रेन को मंगलवार को रवाना किया। प्रदेश के तीर्थ-यात्रियों के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना एक बार पुनः प्रारंभ हुई। संस्कृति पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर स्वयं तीर्थ-यात्रियों की सेवा के लिए ट्रेन में यात्रा कर रही है। शाम 6 बजे करीब तीर्थ-यात्रियों की ट्रेन सागर रेलवे स्टेशन पहुँची। मंत्री सुश्री सुश्री ऊषा ठाकुर ने सागर, टीकमगढ़ और दमोह जिले के तीर्थ-यात्रियों का फूल माला से स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक श्री प्रदीप लारिया भी मौजूद रहे। रेलवे स्टेशन सागर से दमोह, सागर और टीकमगढ़ के यात्री काशी विश्वनाथ की तीर्थ-यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान सभी तीर्थ-यात्रियों को दोपहर का भोजन, चाय नाश्ता और रात का खाना दिया गया। तीर्थ-यात्रियों को कोई परेशानी न हो इसके लिए बकायदा ट्रेन में डॉक्टर की भी व्यवस्था की गई है। काशी विश्वनाथ का दर्शन करने जा रही भोपाल निवासी 65 वर्षीय केसर बाई का कहना है कि उनका बेटा ऑटो चलाता है। उसे इतनी आय नहीं हो पाती कि वह तीर्थ-यात्रा पर जा सके। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को उन्होंने धन्यवाद दिया है और कहा है कि इसी तरह से यह ट्रेन चलती रहे और प्रदेश के हर बूढ़े बुजुर्ग का आशीर्वाद शासन को मिलता रहे।

### भगवान भोलेनाथ का भजन कीर्तन करते नजर आए तीर्थ-यात्री

मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना में काशी विश्वनाथ का दर्शन करने जा रहे तीर्थ-यात्रियों के खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ट्रेन के डिब्बे में सवार तीर्थ-यात्री भगवान काशी विश्वनाथ का भजन गाते और झूमते नजर आए। ट्रेन का मुख्य आकर्षण भजन मंडलियों ने प्रभु भजन गाकर ट्रेन में भक्तिमय माहौल बना दिया। सभी यात्रियों ने भी छोटे-छोटे समूह में भगवान के भजन

### सुंदरकांड और संध्या वंदन का हुआ आयोजन

मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना ट्रेन में सवार होकर तीर्थ-यात्रियों के साथ जा रही मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने तीर्थ-यात्रियों के साथ सुंदरकांड का पाठ और संध्या वंदन किया। प्रभु भक्ति में मग्न होकर मंत्री सुश्री ठाकुर ने भी यात्रियों के साथ यात्रा को पूर्णता दी।

# गृह मंत्री अमित शाह के भोपाल दौरे में बदलाव, भाजपा मुख्यालय जाएंगे



**भोपाल।** 22 अप्रैल को एमपी की राजधानी भोपाल दौरे पर आ रहे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में ऐन वक्त पर बदलाव हुआ है. अमित शाह अब बीजेपी प्रदेश मुख्यालय भी जाएंगे जहां वो करीब 2 घंटे तक . इस बदलाव के सियासी मायने हैं. दरअसल पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक अमित शाह का दौरा पूरी तरह सरकारी था और पार्टी स्तर पर कोई कार्यक्रम प्रस्तावित नहीं था. लेकिन सूत्रों के मुताबिक बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा चाहते थे कि अमित शाह का कार्यक्रम पार्टी स्तर पर भी हो।

मंगलवार को इसी सिलसिले में सीएम शिवराज और वी डी शर्मा के बीच एक अहम बैठक हुई जिसके बाद शाह का कार्यक्रम बीजेपी मुख्यालय में फाइनल हुआ. माना जा रहा है कि अमित शाह बीजेपी में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।


### पहले ये था कार्यक्रम

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 22 अप्रैल को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल आ रहे हैं. उनके भोपाल दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज़ हैं. भोपाल में अमित शाह का पहले करीब 6 घंटे तक रुकने का कार्यक्रम था जो अब करीब 8 घंटे हो गया है। इस दौरान वो केंद्रीय पुलिस अकादमी में अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन करेंगे. इसके साथ ही जंबूरी मैदान में तेंदूपत्ता संग्राहकों के हितग्राही सम्मेलन में शामिल होंगे. शाह इस दौरान भोपाल को एक बड़ी सौगात भी देंगे. जंबूरी मैदान से ही वो भोपाल में बनने वाली नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी का ई भूमिपूजन करेंगे. तय कार्यक्रम के मुताबिक अमित शाह सीएम हाउस में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ लंच भी करेंगे। शाम साढ़े चार बजे वो भोपाल से दिल्ली रवाना होंगे।

# खनिज के अवैध उत्खनन अथवा खनिज या इसके उत्पाद के अवैध भंडारण पर नवीन नियमों के अंतर्गत जुर्माना

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश खनिज( अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022, नवीन नियमों के अंतर्गत खनिज के अवैध उत्खनन अथवा खनिज या इसके उत्पाद के अवैध भण्डारण, अवैध परिवहन के लिए जुर्माना एवं अभिवहन पार पत्र में दर्ज मात्रा से अधिक मात्रा पाये जाने पर जुर्माना संबंधी नवीन नियमों की जानकारी से संवंधित विभागों एवं अधिकारियों को अवगत कराने एक कार्यशाला का आयोजन किया गया ।यह नियम 8 अप्रैल 2022 से लागू हो गये है।



**खनिज के अवैध उत्खनन अथवा खनिज या इसके उत्पाद के अवैध भण्डारण पर जुर्माना:** नवीन नियमों के अनुसार खनिज के अवैध उत्खनन अथवा खनिज या इसके उत्पाद के अवैध भण्डारण पर उल्लंघनकर्ता के उपर रॉयल्टी का पन्द्रह गुना अर्थदंड की राशि अधिरोपित की जायेगी,इसके साथ वाहन प्रकार के अनुसार पर्यावरण क्षतिपूर्ति की रकम अधिरोपित कर कुल जुर्माना किया जयेगा।अर्थदंड एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति की रकम कुल जुर्माना होगी। जहां कोई व्यक्ति मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम, 1996 अथवा मध्यप्रदेश रेत ( खनन, परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार) नियम, 2019 या विभाग द्वारा प्रचालित अन्य कोई नियमों का उल्लंघन कर उत्खनन अथवा भण्डारण करता है या वह किसी और के निमित्त उत्खनन या भण्डारण करता है, वहां वह अवैध उत्खनन या भण्डारण के लिए एक पक्षकार उपधारित किया जाएगा। उल्लिखित कुल जुर्माने पर प्रशमन हेतु उल्लंघनकर्ता को सूचना पत्र जारी की जाएगी। सूचना पत्र में राशि जमा करने हेतु पन्द्रह दिवस की अवधि प्रदान की जाएगी। इस अवधि में उपयुक्त कारणों के आधार पर वृद्धि की जा सकेगी। अधिरोपित कुल शास्ति एवं प्रशमन शुल्क रूपए एक हजार का भुगतान होने पर प्रकरण का प्रशमन किया जा सकेगा। कुल शास्ति को जमा करने पर जप्त वाहन, मशीन, औजार आदि मुक्त किया जा सकेगा।उल्लंघनकर्ता द्वारा प्रशमन न किए जाने की दशा में सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 उपबंधों के अनुसार प्रकरण उप-नियम (1) में यथा विहित प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तावित किया जाएगा। अवैध उत्खनन / अवैध भण्डारण का उल्लंघन प्रमाणित होने पर उप-नियम ( 2 ) में यथा विहित कुल शास्ति, की दुगुनी रकम अधिरोपित की जाएगी। इसके साथ जप्त वाहन, मशीनरी औजार आदि को, वाहन स्वामी को नियम 21 के उपबंधों के अधीन प्रदान की गई सुपुदर्गी को निरस्त करते हुए, अधिहरण की जाएगी। अधिहरण वाहन, मशीनरी औजार आदि को पारदर्शी रीति में निवर्तित किया जाएगा। प्रकरण नियम 21 के अधीन जमा की गई रकम उल्लंघनकर्ता के पक्ष में निर्णित होने पर वापसी योग्य होगी अन्यथा इस जमा रकम की कुल शास्ति में समायोजन की जाएगी।

**खनिज के अवैध परिवहन के लिए जुर्माना :** जहां कोई व्यक्ति मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम, 1996 अथवा मध्यप्रदेश रेत (खनन, परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार ) नियम, 2019 अथवा विभाग द्वारा प्रचालित अन्य कोई नियम के उल्लंघन कर वैद्य अभिवहन पास के बिना खनिज का परिवहन करता है, तब ऐसे प्रकरणों में खनिज की रॉयल्टी का पन्द्रह गुना अर्थशास्ति की राशि कलेक्टर या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी जो की डिप्टी कलेक्टर से निम्न नही होगा द्वारा अधिरोपित की जा सकेगी। अधिरोपित अर्थशास्ति के साथ-साथ पर्यावरण क्षतिपूर्ति की रकम कुल जुर्माने के रूप में देय होगी।उल्लिखित नियम अधीन अधिरोपित कुल शास्ति एवं प्रशमन शुल्क रूपए एक हजार के भुगतान के पश्चात् प्रकरण का प्रशमन किया जा सकेगा। प्रशमन होने के पश्चात् जप्त खनिज एवं वाहन मुक्त किया जा सकेगा।उल्लंघनकर्ता द्वारा प्रशमन नही किए जाने की दशा में सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के उपबंधों के अनुसार प्रकरण उप-नियम (1) में यथा विहित प्राधिकारी के समक्ष में प्रचलित किया जाएगा। अवैध परिवहन का उल्लंघन प्रमाणित होने पर उप-नियम (1) में निर्धारित कुल शास्ति, की दुगुनी राशि अधिरोपित की जाएगी। इसके साथ जप्त वाहन को वाहन स्वामी को नियम 21 के उपबंधों के अधीन प्रदान की गई सुपुदर्गी को निरस्त करते हुए, अधिहरण किया जाएगा। अधिहरण वाहन को पारदर्शी रीति में निवर्तित किया जाएगा। उल्लंघनकर्ता के पक्ष में निर्णय होने पर नियम 21 के अधीन जमा की गई राशि वापसी योग्य होगी, अन्यथा इस जमा रकम की कुल शास्ति में समायोजन किया जाएगा। वाहन के स्वामी अवैध परिवहन की दशा में उत्तरदायी होगा। यदि प्रकरण का प्रशमन नहीं किया जाता है, तो नियम 6 के अधीन खनिज परिवहन हेतु किया गया पंजीयन निरस्त किया जाएगा। अभिवहन पार पत्र में दर्ज मात्रा से अधिक मात्रा के लिए जुर्माना।

( 1 ) खनिज के परिवहन में अभिवहन पास (ई-टीपी) में अंकित मात्रा से अधिक का परिवहन पाए जाने पर खनिज की अतिरिक्त मात्रा पर खनिज की रायल्टी का 15 गुना अर्थशास्ति अधिरोपित की जाएगी। अतिरिक्त मात्रा पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि नियम 19 के उप-नियम (1) में विहित वाहन के प्रकार के अनुसार अनुपातिक रूप से देय होगी। अर्थशास्ति एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति की रकम कुल शास्ति होगी।

# बाबूलाल गौर शासकीय महाविद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण व नामकरण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बाबूलाल गौर का जीवन अद्भुत और संघर्ष से भरा था और उनकी अनेक उपलब्धियाँ हैं तथा भोपाल में वीआईपी रोड उन्हीं की देन है। उनकी स्मृति को अक्षुण्ण रखने के लिए इस महाविद्यालय का नामकरण उनके नाम पर किया गया है। मुख्यमंत्री चौहान बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भोपाल के नवीन भवन का लोकार्पण एवं नामकरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा सहित सुमित पचौरी, आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरा मध्यप्रदेश एक परिवार है। जनता इसकी भगवान है और मैं जनता का पुजारी हूँ। प्रदेश के विकास के साथ गोविंदपुरा विधानसभा के विकास के लिए भी कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। जनता के कल्याण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री मेधावी विद्याथब प्रोत्साहन योजना में उच्च शिक्षा के लिए मेधावी विद्यार्थियों की फीस राज्य सरकार द्वारा भरी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि देश का सबसे बड़ा ग्लोबल स्किल पार्क गोविंदपुरा विधानसभा में बन रहा है तथा इससे अनेक युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

# एसीएस गृह डॉ.राजौरा एवं एडीजी माहेश्वरी ने किया खरगोन का दौरा

## प्रभावित स्थलों को देखा एवं दोनों पक्षों से की चर्चा



**भोपाल।** अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विपिन माहेश्वरी ने मंगलवार 19 अप्रैल का खरगोन का दौरा किया। उन्होंने प्रभावित स्थलों, घरों को देखा एवं दोनों पक्षों के साथ बैठक कर बातचीत की। एसीएस डॉ. राजौरा एवं एडीजी माहेश्वरी ने खरगोन के औरंगपुरा, तालाब चौक, संजय नगर, टवड़ी मोहन टॉकीज, भाटवाड़ी, सराफा बाजार आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उ न्होंने प्रभावित व्यक्तियों के क्षतिग्रस्त घरों को भी देखा तथा उनसे बातचीत कर हाल जाने। साथ ही उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार उनकी हर संभव मदद करेगी। प्रशासन और पुलिस के दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने नवीन कलेक्ट्रेट भवन में दोनों पक्षों के साथ पृथक-पृथक बैठक की। उन्होंने सभी से मिल-जुलकर रहने एवं शांति बनाये रखने को कहा है। उन्होंने आश्वस्त किया है कि उपद्रवियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। बैठक में प्राप्त सुझावों पर भी अमल किया जायेगा।बैठक में पूर्व कृषि राज्य मंत्री बालकृष्ण पाटीदार, विधायक रवि जोशी, पूर्व विधायक बाबूलाल महाजन, मनोज रघुवंशी, रंजीत डंडीर, राजेन्द्र राठौड़, परसराम चौहान, कल्याण अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, ओमप्रकाश पाटीदार, श्याम महाजन, शालिनी रातोरिया, प्रकाश रत्नपारखी, मोहन जायसवाल, सदर अल्ताफ आजाद, इस्माइल पठान, सदस्य फारुक टाटा, पूर्व सदर हनीफ खान, इमरान खान, जमियत उलेमा हिन्द के अध्यक्ष हाफिज चांद एवं बोहरा समाज के अध्यक्ष सैफुद्दीन बोहरा उपस्थित रहे।

# थाना दिनारा पुलिस द्वारा अंधे कत्ल का किया पर्दाफास


दिनांक 28.03.2022 को सूचनाकर्ता देवलाल पुत्र स्व. गजुआ प्रजापति उम्र 55 साल निवासी ग्राम दांगीपुरा थाना अमोला ने उपस्थित थाना आकर मौखिक रिपोर्ट किया कि मेरा लडका महेश प्रजापति उम्र 28 साल अपनी बहू गीता के साथ ग्राम कुर्रोल में खेती की देखभाल करने गये थे दिनांक 27.03.2022 को मेरा लडका महेश घर से शाम को अपनी पत्नी गीता से मैगी लेने की कहकर गया था जो वापिस नही लौटा उक्त पर से गुम इंसान क्रं. 08/22 कायम कर जांच की गई गुम इंसान जांच के दौरान सायवर सैल से गुमसुदा की पत्नी की काल डिटेल प्राप्त की गई जिसके आधार पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रवीण भूरिया , एस डी ओ पी महोदय करैरा श्री जी.डी. शर्मा के द्वारा गुम इंसान जांच हेतु थाना प्रभारी दिनारा संतोष भार्गव को निर्देशित कर टीम गठित कर सतर्कता के साथ गुम इंसान जांच करने हेतु निर्देशित किया । थाना प्रभारी दिनारा संतोष भार्गव , चौकी प्रभारी थनरा सतीश जयंत , सउनि सोवरन सिंह सिसोदिया द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये गुमसुदा की पत्नी गीता प्रजापति एवं संदेही अंकित गौर से हिकमत अमली से पूछताछ की गई तो दोनो के द्वारा एक दूसरे से करीवन 8-9 माह से प्रेम प्रसंग में होने की वात स्वीकार की और घटना दिनांक को सत्रह वार फोन से वात करना एवं गुमसुदा महेश प्रजापति को उक्त प्रेम प्रसंग का पता चलने पर गुमसुदा महेश द्वारा अपनी पत्नी गीता के साथ मारपीट करना इसी के चलते गीता द्वारा अपने प्रेमी अंकित गौर के साथ मिलकर ग्राम कुर्रोल में अपने घर में पति महेश प्रजापति की गला दबाकर हत्या कर उसकी लाश मृतक की मोटर साईकिल से ग्राम दांगीपुरा (रामपुरा ) के जंगल में नरिया के किनारे लाश को फेंक दिया है उक्त दोनो की निशादेही पर मृतक महेश प्रजापति का कंकाल जप्त किया जाकर आरोपी गीता पत्नी महेश प्रजापति उम्र 30 साल निवासी ग्राम दांगीपुरा हाल ग्राम कुर्रोल एवं अंकित पुत्र इमरत सिंह गौर उम्र 23 साल निवासी ग्राम दांगीपुरा थाना अमोला को गिरफ्तार किया गया है वापसी पर अप क्रं. 87/22 धारा 302,201,34 ता.हि. का पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया । उक्त अंधेकत्ल का पर्दाफास करने में सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी दिनारा संतोष भार्गव चौकी प्रभारी थनरा सतीश जयंत , सउनि सोवरन सिंह सिसोदिया , प्र.आर. 928 दीपक उपाध्याय, प्र.आर. 498 अशोक तिवारी ,आर. आशीष आर रामवीर पाल आर अमित यादव आर मनीष महिला आर पूजा प्रजापति की सराहनीय भूमिका रही है

# अंग्रेजी राज का देशी संस्करण है बुलडोजर मामाः अजयसिंह



**भोपाल।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने कहा है कि बुलडोजर मामा अंग्रेजी राज का देशी संस्करण है। पूरा मध्यप्रदेश पूछ रहा है कि अंग्रेजों का रॉलेट एक्ट तो उसी जमाने में खत्म हो गया था जिसमें न अपील, न दलील और न वकील होता था। यह दोबारा कब लागू हो गया? बिना जांच के कई बेगुनाहों के घर बिना किसी कानूनी आधार पर क्यों तोड़े जा रहे हैं? सरकार ने एक दिन में किस तकनीक से जांच कर ली और खरगोन में 90 मकान गिरा दिए गये। बुलडोजर के नाम से बेगुनाहों को हटाया जा रहा है। कोई सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर ले और वह तोड़ा जाए तो समझ में आता है, लेकिन जो परिवार मकानों में रह रहे हैं और जिनकी कोई गलती नहीं है उन्हें शिवराज सरकार क्यों प्रताड़ित कर रही है? यह समझ से परे है।

# भाजपा सरकार हर वर्ग की हितैषी, कांग्रेस ने तो बंद कर दी थी तीर्थदर्शन योजना: विष्णुदत्त शर्मा



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा है कि भाजपा सरकार हमेशा से हर वर्ग की हितैषी रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हर वर्ग, हर समाज और हर तबके के लिए योजनाएं लागू की हैं। बुजुर्गों के लिए भी तीर्थदर्शन योजना शुरू की थी, लेकिन प्रदेश में 15 माह के लिए आई कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने इस योजना को ही बंद कर दिया था, लेकिन हमारे बुजुर्गों को तीर्थ यात्राएं कराने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने फिर से योजना को शुरू किया है। शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने हर गरीब को उसका अधिकार, उसका हक देने का प्रयास किया है। भाजपा सरकार के शासनकाल में बुजुर्गों को तीर्थदर्शन पर ले जाने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना शुरू की गई थी। इस योजना के माध्यम से हमारे कई बुजुर्गों को चार धाम की यात्राएं कराई गई हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि मैं भी गांव का रहने वाला हूं और गांवों में कहा जाता है कि जब तक चार धाम की यात्रा नहीं होती है, तब तक जीवन सफल नहीं माना जाता है। व्यक्ति के जीवन में तीर्थ यात्राएं बेहद जरूरी होती है, इसलिए सरकार ने बुजुर्गों को तीर्थ दर्शन कराने के लिए तीर्थदर्शन यात्रा शुरू की है।

### भाजपा सरकार ने किया सपना पूरा

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि हमारे प्रदेश में ऐसे कई बुजुर्ग हैं, जिनके बेटे तो उनको तीर्थदर्शन यात्रा पर नहीं ले जा सके।, लेकिन ऐसे बुजुर्गों के सपनों को पूरा करने का काम भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूरा किया है।

## मुख्यमंत्री तक पहुंची शिकायत

# अफसरों की लापरवाही से डेढ़ करोड़ उपभोक्ता भर रहे महंगा बिजली बिल

**जबलपुर।** प्रदेश के उपभोक्ता महंगी बिजली के साथ साथ बिजली अफसरों के नकारेपन की मार भी झेल रहे हैं. अफसरों की गड़बड़ी के कारण प्रदेश के करीब डेढ़ करोड़ उपभोक्ताओं को महंगा बिल भरना पड़ रहा है. जब अफसरों की शिकायत सीएम से की गयी तब इसका खुलासा हुआ।मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ सीएम से की गई एक शिकायत ने सनसनीखेज खुलासा किया है, मध्य प्रदेश के एक करोड़ से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को पावर जनरेटिंग कंपनी के



अधिकारियों के कु प्रबंधन के कारण हर माह महंगी बिजली की मार पड़ रही है।

### अफसरों पर एक्शन की मांग

इस मामले में शिकायतकर्ता पावर जनरेटिंग कंपनी के रिटायर्ड एडिशनल चीफ इंजीनियर बताते हैं कि अधिकारी जानबूझकर पावर स्टेशन से तय उत्पादन करने में अक्षमता बता रहे हैं. जबकि इन विद्युत ताप गृहों से प्रदेश के लिए पर्याप्त बिजली पैदा हो सकती है. आम जनता पर बिजली संकट का खतरा भी नहीं रहेगा. शिकायत पत्र में पावर जनरेटिंग कंपनी के अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

### 1468 करोड़ का नुकसान

देश में मध्य प्रदेश राज्य ऐसा है जो सबसे महंगी बिजली अपने उपभोक्ताओं को बेच रहा है. जबकि मध्यप्रदेश में सर प्लस बिजली बनाने के साधन हैं और प्रदेश दूसरे राज्यों को बिजली बेचने की क्षमता रखता है, लेकिन इसके बावजूद हम अपने पड़ोसी राज्यों से कहीं ज्यादा महंगी बिजली खरीद रहे हैं. आखिरकार ऐसा क्यों है?

**ये है मसलाः** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लिखे एक पत्र में शिकायतकर्ता ने स्पष्ट लिखा कि मध्य प्रदेश के थर्मल यानि विद्युत ताप गृह मध्य प्रदेश भर की बिजली आपूर्ति करने में सक्षम हैं. बावजूद इसके वित्तीय वर्ष 2021-22 में पांच विद्युत ताप गृहों ने अपनी कुल क्षमता के मुताबिक बिजली का उत्पादन नहीं किया. अधिकारियों की इस लचर कार्यशैली के कारण पावर जनरेटिंग कंपनी को 1468 करोड़ का नुकसान हुआ। मध्य प्रदेश के पावर स्टेशनों से बिजली आपूर्ति नहीं हो सकी. एनटीपीसी या अन्य निजी क्षेत्रों से मध्य प्रदेश की जनता के लिए महंगी दर पर बिजली खरीदी गई. इसका भार मध्य प्रदेश की आम जनता पर पड़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### कार्य में लापरवाही बरतने पर दो नायब तहसीलदारों को कलेक्टर ने दिया नोटिस

ग्वालियर। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर दो नायब तहसीलदारों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। नायब तहसीलदार चीनौर श्री धीरेन्द्र गुप्ता एवं नायब तहसीलदार भितरवार श्री श्यामु श्रीवास्तव को नोटिस जारी कर तीन दिवस में समक्ष में उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अपने जारी नोटिस में कहा है कि फायर सत्कार अधिकारी के रूप में आपको सौंपे गए दायित्व में लापरवाही बरतने के कारण सत्कार व्यवस्था में अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न हुआ है। उक्त कृत्य शासकीय कार्यों के प्रति आपकी लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता का परिचायक होकर वरिष्ठ के आदेशों की अवहेलना की श्रेणी में आता है। कलेक्टर श्री सिंह ने दोनों नायब तहसीलदारों को तीन दिवस में समक्ष में उपस्थित होकर कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। नोटिस का जवाब संतोषप्रद न पाए जाने पर दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आज

ग्वालियर। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 21 अप्रैल को बुलाई गई है। इस दिन यह बैठक सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे सिरोल रोड़ स्थित नवीन जिला पंचायत भवन के सभागार में आयोजित होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी ने बताया कि दिशा की बैठक में जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन नल-जल योजनायें, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, अमृत, कृषि सिंचाई, प्रधानमंत्री आवास शहरी व ग्रामीण, रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण, डबरा में बनने जा रहे केन्द्रीय विद्यालय, सेंट्रल रिजर्व फंड के तहत स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य और सांसद निधि से मंजूर हुए अन्य विकास कार्यों की समीक्षा की जायेगी।

### 22 अप्रैल को मनेगा अंतर्राष्ट्रीय मातृ भूमि दिवस

ग्वालियर। राज्य आनंदम संस्थान द्वारा चयनित अंतर्राष्ट्रीय विश्व दिवसों पर कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन प्रदेश भर में किया जाता है। इसी कड़ी में 22 अप्रैल 2022 को अंतर्राष्ट्रीय मातृ भूमि दिवस का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी आनंदम श्री आशीष तिवारी ने अंतर्राष्ट्रीय मातृ भूमि दिवस के आयोजन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। आयोजन को कोविड-19 से संबंधित सावधानियाँ एवं निर्देशों का पालन करते हुए आयोजित किया जायेगा। प्रदेश भर में आयोजित कार्यक्रमों की तरह जिले में भी अंतर्राष्ट्रीय मातृ भूमि दिवस पर नागरिकों को संकल्प दिलाया जायेगा। इसके साथ ही समूह चर्चा, पोस्टर, स्लोगन, चित्रकला प्रतियोगिता, पर्यावरण संरक्षण के लिये जागरूकता रैली का आयोजन किया जायेगा। आयोजन में शासकीय विभागों के साथ-साथ आनंदम क्लब, सामाजिक संस्थाओं, एनसीसी, एनएसएस, एकता परिषद एवं अन्य स्व-सहायता समूहों को जोड़कर कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

### मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिये शहर के विभिन्न वार्डों में किया फोगिंग

ग्वालियर। संक्रामक बीमारियों एवं मच्छरों की रोकथाम के लिए नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में फागिंग एवं कीटनाशक दवाओं का छि?काव कराया जा रहा है। जिसके तहत आज बुधवार को विभिन्न वार्डों में कीटनाशक दवाओं का छि?काव एवं फॉगिंग कराई गई। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर शहर के सभी वार्ड की गलियों एवं मोहल्ला में निरंतर साफ-सफाई एवं फॉगिंग का कार्य कराया जा रहा है। जिसके तहत आज गदाईपुरा, चार शहर का नाका, हजीरा, बहोडापुर, मुरार, ठाठीपुर, दीनदयाल नगर, समाधिया कॉलोनी, महाराज बाडा सहित विभिन्न क्षेत्रों में फोगिंग कार्य किया गया। इसके साथ ही शहर के अन्य भागों में भी कीटनाशक दवाओं का छि?काव कराया गया।

### 3 मई 2022 को होने वाला सामुहिक विवाह सम्मेलन स्थिगित

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत दिनांक 03 मई 2022 अक्षय तृतीय के अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित कराया जा रहा था वह अब शासन के निर्देशानुसार स्थिगित किया जाता है। नई तिथि की घोषणा आगामी आदेश में की जाएगी।

### जल जीवन मिशन से करीब 49 लाख ग्रामीण परिवारों के घर पहुँचा नल से जल

**35 हजार से अधिक ग्रामों की जल-प्रदाय योजनाएँ प्रगतिरत**

ग्वालियर। जल जीवन मिशन में प्रदेश के सभी ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन से जल उपलब्ध करवाने के लिए जल-प्रदाय योजनाओं के कार्य जारी हैं। अब तक 48 लाख 94 हजार 774 ग्रामीण परिवारों तक नल से जल मुहैया करवाया जा चुका है। मिशन में ग्रामीण क्षेत्र में संचालित स्कूल और आँगनवाड़ी में भी नल कनेक्शन दिए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के 69 हजार 984 स्कूल और 40 हजार 680 आँगनवाड़ी केन्द्रों में जल पहुँचाया जा चुका है, जो लक्षित संख्या का लगभग 60 प्रतिशत है। मिशन में जल प्रदाय योजनाओं को पूरा कर 4 हजार 325 ग्रामों के शत-प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन से जल की सुविधा दी गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जल निगम प्रदेश में विभिन्न जल संरचनाओं पर निरंतर कार्य कर रहे हैं, जिससे शत-प्रतिशत ग्रामीण परिवारों तक जल पहुँचाना संभव हो सके। प्रदेश में ग्रामीण आबादी के आकलन के अनुसार एक करोड़ 22 लाख ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन दिए जाने का लक्ष्य है, इनमें 40 प्रतिशत से ऊपर लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है। प्रदेश के 35 हजार 684 ग्राम के हर घर में नल से जल प्रदाय करने के लिए निरंतर कार्य जारी है। इनमें 3537 ग्राम की जल-प्रदाय योजनाओं की 90 प्रतिशत, 2141 ग्रामों की 80, 1777 ग्राम की 70 और 28 हजार 229 ग्राम की प्रगति 60 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है।

### बिजली मीटर से छेड़छाड़ करने से बचें

**मीटर से छेड़छाड़ का मतलब - धारा 136 में कार्यवाही**

ग्वालियर। यदि किसी उपभोक्ता को मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कॉलसेंटर के फोन नंबर 1912 पर या ऑनलाइन वेबसाइट portal.mpcz.in अथवा उपाय (UPAY) एप या बिजली वितरण केन्द्र/जोन कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण की माकूल व्यवस्था की गई है। यदि उपभोक्ता शरारती तत्वों के बहकावे में आकर मीटर में तोड़फोड़ या उखाड़कर अन्यत्र स्थापित करने या सर्विस लाइन को नुकसान पहुँचाने का कार्य करते हैं, तो उनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। इसमें 3 वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दण्डित करने का प्रावधान है।

# फायर विभाग के कर्मचारी बहुत ही बहादुरी से करते हैं कार्यः बीज निगम के अध्यक्ष श्री गोयल





### निगम के अग्नि सेवकों के साहसिक प्रदर्शन के साथ अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन

ग्वालियर। ग्वालियर शहर में होने वाली विभिन्न दुर्घटनाओं में निगम के कर्मचारी बिना अपनी जान की परवाह किए लोगों के जान माल की सुरक्षा करते हैं तथा ब?ी से ब?ी घटना को रोकने में मददगार होते हैं एवं बहुत ही बहादुरी से कार्य करते हैं। उक्त उद्गार प्रदेश के बीज निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल ने आज नगर निगम ग्वालियर द्वारा आयोजित अग्निशमन सेवा सप्ताह के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने की तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, पूर्व सभापति श्री राकेश माहौर, पूर्व पार्षद श्री धर्मेन्द्र सिंह कुशवाह, अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, श्री मुकुल गुप्ता, उपायुक्त डॉ अतिबल सिंह यादव, नोडल अधिकारी फायर श्री श्रीकांत कांटे, फायर ऑफिसर श्री विवेक दीक्षित एवं मंच संचालन उपायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव ने किया। इसके साथ ही अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

नगर निगम द्वारा आयोजित अग्निशमन सेवा सप्ताह का आज समापन महाराज बा? पर किया गया। समापन के दौरान निगम के अग्नि सेवकों द्वारा विभिन्न प्रकार के साहसिक प्रदर्शन प्रस्तुत किये गये जैसे कि वह किसी दुर्घटना या अग्निकाण्ड के समय साहसिक प्रदर्शन कर लोगों के जानमाल की सुरक्षा करते हैं। इस दौरान फायरकर्मियों द्वारा फायर एन्ट्री शूट को पहनकर जलती आग में प्रवेश कर आग में फंसे नागरिकों को बचाने का साहसिक प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में फायरब्रिगेड के जवानों द्वारा बीज निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल को सलामी दी गई। तत्पश्चात फायर ब्रिगेडकर्मियों द्वारा हॉज पाईप ड्रिल का प्रदर्शन किया गया, जिसमें आग बुझाने के उपकरणों का प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात रेस्क्यू ड्रिल का प्रदर्शन तथा आपदात्मक स्थितियों में मकान इत्यादि गिरने पर फायर ब्रिगेडकर्मियों द्वारा दी जाने वाली तात्कालिक सहायता का भी प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात पेट्रोल की आग बुझाने के लिए किए जाने वाले रेस्क्यू का प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात फायर बिग्रेड के कर्मचारियों द्वारा टॉक्सिक गैस रेस्क्यू किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में फायर इंट्री सूट के प्रदर्शन के लिए कर्मचारी द्वारा अग्नि में से निकलकर दिखाया गया। इसके पश्चात झोपडी में लगी आग को बुझाने का रेस्क्यू दिखाया गया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डबरा में ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेला संपन्न




ग्वालियर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डबरा में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन म.प्र. उद्योग विकास निगम की अध्यक्ष श्रीमती इमरती देवी के मुख्य आथित्य में सम्पन्न हुआ। इस खण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेले में ग्रामीणों को मलेरिया, टी बी, कुष्ठ, रोगों के अलावा शुगर, रक्तचाप, नाक ङ्क कान ङ्क गला रोग, आँख की निःशुल्क जाँच, हड्डी एवं जोड़ रोग आदि की जाँच विशेषज्ञों द्वारा निश्शुल्क की गयी और दवाएं भी निः शुल्क प्रदान कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुचाया गया। मेले में रोगों की जाँच व उपचार के अलावा निश्शुल्क आयुष्मान कार्ड, परिवार हेल्थ आईडी बनाकर शासन की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं से जो? कर उनके लिए निःशुल्क इलाज की व्यवस्था की गयी।

स्वास्थ्य मेले में विभिन्न ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से आये लोगों को जिला स्वास्थ्य समिति ग्वालियर एवं फेमिली हेल्थ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में चलाई जा रही एम्बेड परियोजना के तहत मच्छर जनित बीमारियों डेंगू ङ्क मलेरिया से बचाव व रोकथाम संबंधी लगाई गयी प्रदर्शनी के माध्यम से बताया गया। मलेरिया निरीक्षक श्री कौशल त्रिवेदी द्वारा लोगों को मच्छर तथा मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण हेतु नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करने की सलाह दी गई। कोई भी बुखार आने पर तुरंत खून की जाँच कराने व सम्पूर्ण इलाज के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।

राज्य मंत्री श्रीमती इमरती देवी द्वारा प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान प्रदर्शनी में लगाए गए सेल्फी पॉइंट पर फोटो के माध्यम से, डबरा को डेंगू मलेरिया मुक्त बनाने की अपील जनता से की गई।

मेले के दौरान जिला मलेरिया अधिकारी डा. नीलम सक्सेना व जिला समन्वयक एम्बेड परियोजना ग्वालियर विजय मिश्रा द्वारा 390 लोगों के संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर करवा कर डबरा व ग्वालियर जिले को डेंगू ङ्क मलेरिया मुक्त बनाने का संकल्प दिलाया गया। साथ ही मेले में आये सभी मरीजों व आमजन को निःशुल्क सेनेटाइजर वितरित किया गया।

स्वास्थ्य मेला में एस.डी.एम. डबरा प्रदीप शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी स्वास्थ्य आई. पी. निवारिया, जिला सामुदायिक प्रबंधक एम. एच. खान सहित ब्लाक एवं जिला स्तरीय सभी अधिकारी, कर्मचारी, आशा कार्यकर्ताओं व एम्बेड टीम ने अपनी सक्रिय सहभगिता निभाई और सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य मेले में आ कर निःशुल्क जाँच, उपचार व परामर्श का लाभ उठाया। कार्यक्रम का सञ्चालन डा. उमेश पटसारिया स्वास्थ्य अधिकारी डबरा द्वारा एवं आभार खंड चिकित्सा अधिकारी डा. अरविन्द शर्मा ने किया।

# जीडीसीए के बंदी कर्मचारियों को पुलिस ने छुड़ाया

### एक संदिग्ध को किया गिरफ्तार

### जीडीसीए कम्पनी के दोनों कर्मचारियों को सकुशल रिहा कराया

### कम्पनी के हिसाब-किताब के लिये दोनों को बुलाया था ग्वालियर

ग्वालियर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अमित सांघी, भापुसे को सूचना प्राप्त हुई कि जीडीसीए कम्पनी बालोदा बाजार छत्तीसगढ के इंजीनियर प्रशांत एवं अकाउन्टेंट मोहम्मद सिद्दिकी को थाना महाराजपुरा क्षेत्रान्तर्गत डी.डी. नगर में किसी मकान में बंदी बनाकर रखा गया है। उक्त सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा अति.पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य/यातायात) श्री अभिनव चौकसे,भापुसेको प्राप्त सूचना की तस्दीक कराकर जीडीसीए कम्पनी के बंदी बनाये गये दोनों कर्मचारियों की सकुशल रिहाई कराने हेतु निर्देशित किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में सीएसपी महाराजपुरा श्री रवि भदौरियाद्वारा थाना प्रभारी महाराजपुरा निरीक्षक प्रशांत यादव के नेतृत्व में थाना महाराजपुरा पुलिस बल की एक टीम का गठन किया गया। दौरान जांच व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम का ज्ञात हुआ कि जीडीसीए कम्पनी केदोनों कर्मचारियों को डी.डी. नगर के एक मकान में बंदी बनाकर रखा गया है। उक्त सूचना पर से पुलिस टीम द्वारा उक्त मकान पर दबिस देकर वहां बंदी बनाये गये जीडीसीए कम्पनी केदोनों कर्मचारियों को सकुशल रिहा करायागया। दबिस के दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को मौके से पकड़ा। रिहा कराये गये जीडीसीए कम्पनी के कर्मचारियों ने पुलिस को बताया कि दिनांक 11.04.2022 को डीडी नगर जिला ग्वालियर निवासी छुन्ना सिंह एवं राजेन्द्र सिंह (परिवर्तित नाम) द्वारा कम्पनी के हिसाब-किताब के लिये हम दोनों को ग्वालियर बुलाया था और हिसाब-किताब न करते हुए हम दोनों को डी.डी. नगर में राजेन्द्र सिंह (परिवर्तित नाम) के मकान में बंदी बना लिया गया था। बंदी बनाये गये फरियादी प्रशांत प्रामाडिक की रिपोर्ट पर थाना महाराजपुरा में उक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ अप.क. 292/2022 धारा 342, 344 भादवि की प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

# भाजपा ने किया शहीदों के परिवारों का सम्मान

### जो अपना इतिहास याद नही रखते, इतिहास उन्हें याद नही रखता- शेजवलकर



ग्वालियर। 20 अप्रैल। 7 से 20 अप्रैल तक चलाए जाने वाले सामाजिक न्याय पखवाड़े के समापन दिवस पर हम वीर शहीद सैनिकों के परिवारों के सम्मान का कार्यक्रम कर रहे है जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। चाहे वह सीमा पर लड़ते हुए शहीद हुए हो या आतंकियों से लडते हुए। जो अपना इतिहास याद नहीं रखते, इतिहास उन्हें याद नहीं रखता। हमें ऐसे शहीदों से से प्रेरणा लेनी चाहिए जिन्होंने देश के लिए अपना समर्पण किया। उक्त उद्गार सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने बुधवार को सामाजिक न्याय पखवाड़े के अंतर्गत भाजपा ग्वालियर महानगर द्वारा आयोजित शहीदों के परिवारों का सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की असंदी से व्यक्त किए।

श्री शेजवलकर ने कहा कि पिछले 8 साल से देश में नरेंद्र मोदी जी की सरकार है साथ ही प्रदेश में माननीय शिवराज सिंह जी की सरकार है जिससे देश में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। 2014 से पहले जहा चारों और निराशा का वातावरण छाया हुआ था, जैसे ही नरेंद्र मोदी जी की भाजपा सरकार आई देश और समाज में बहुत बड़ा बदलाव आया। मोदी जी ने अपने पहले दिन जो जनता को वचन दिया था वह आज तक निभाते आ रहे हैं, जिसके तहत गरीबों एवं आमजन के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इससे समाज में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है।

उन्होंने कहा कि सरकार कार्यकर्ता एवं मजबूत संगठन के बिना कार्य नहीं कर सकती, सामाजिक न्याय पखवाड़े के अंतर्गत हमने समाज के विभिन्न वर्गो के बीच पहुंचकर उनसे संवाद स्थापित किया एवं समाज के हर वर्ग से जुड़ने का प्रयास किया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याण कारी योजनाओं का भी जिक्र किया। इस समय हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। हमारा लक्ष्य तो आजादी के 75 साल ही नहीं बल्कि आजादी के 100 साल को मनाना है जो भारत कभी पहले सोने की चिड़िया कहा जाता था आज उस भारत को पुनः परम वैभव पर लाने के लिए हमारी भाजपा सरकार प्रयासरत है।

### ग्वालियर निवासी हिरदेश सिंह उर्फ धोनी ने अंतरराष्ट्रीय स्टार बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में जीता सिल्वर मेडल

ग्वालियर- महाराष्ट्र पुणे में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्टार बॉडी बिल्डिंग के डिग्री चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश के लाल ग्वालियर निवासी हिरदेश सिंह उर्फ धोनी भारत की ओर से चैंपियनशिप में भाग लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। जो कि हमारे भारत के ही नहीं मध्य प्रदेश ग्वालियर के लिए बहुत ही गर्व की बात है। हिरदेश सिंह ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता श्री बादल शर्मा जी के नेतृत्व मार्गदर्शन में सिल्वर मेडल पर कब्जा किया । इसके लिए हिरदेश सिंह और श्री बादल शर्मा को बहुत-बहुत बधाइयां एवं शुभकामनाएं।






स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478